हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026



**खबर संक्षेप**

## स्कूली बसों की जांच दी गई समझाइश



**खैरागढ़।** पुलिस एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजा फतेह सिंह मैदान खैरागढ़ में 21 स्कूल वाहनों की संपूर्ण जांच की गई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के गाईड लाइन का कड़ाई से पालन करने की भी समझाइश दी गई।

जिला केसीजी पुलिस टीम के साथ समन्वय स्थापित कर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिल भगत राजनांदगांव द्वारा सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का यातायात नियमों का बिंदुवार पालन कराने राजा फतेह सिंह मैदान खैरागढ़ में स्कूली वाहनों के भौतिक सत्यापन, पॉल्यूशन, फिटनेस, बीमा, अग्निसमन यन्त्र, प्राथमिक चिकित्सा किट, पैनिक बटन, स्पीड गर्वनर, आपातकालीन निकास द्वार सहित सम्पूर्ण सुरक्षा मानको का बारीकी से निरिक्षण किया गया। जिला केसीजी के कुल 21 बस, वेन स्कूली वाहनों को परिवहन विभाग द्वारा चेक करने पर कुछ वाहनों में खामियां पाए जाने पर दो दिवस के भीतर दुरुस्त करने समझाइश दिया एवं पुनः निरीक्षण कराने बताया गया एवं चालक-परिचालकों को अग्निशमन यंत्र का आपातकालीन परिस्थिति में उपयोग करने प्रशिक्षण दिया गया। नियमों की अनदेखी करने वाले स्कूल वाहनों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

### पिछले साल के मुकाबले स्थिति सामान्य, वितरण में आई तेजी

# खाद उपलब्धता से किसानों को राहत, डीएपी का संकट बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरीफ सीजन के दौरान पिछले लगभग डेढ़ महीने से सामने आने वाली खाद संकट की खबरों से राहत मिलती नजर आ रही है। वैश्विक समस्या के बीच राजनांदगांव सहित चार जिलों में खाद का भंडारण और वितरण लगातार बढ़ रहा है। हालांकि अब भी डीएपी को लेकर कई इलाकों से कमी की शिकायतें सामने आ रही है।

सरकारी गोदामों में भंडारण की रफ्तार इस बात का प्रमाण है कि किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार प्रयास किए गए हैं। हालांकि कई सोसायटियों और वितरण केंद्रों पर डीएपी की कमी की वजह से किसानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। जिससे भंडारण के बड़े दावों के बीच एक चुनौती भी बनी हुई है। जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक इस सीजन के लिए कुल 148420 टन रासायनिक खाद के भंडारण का लक्ष्य तय किया गया था। इस लक्ष्य के मुकाबले अब तक 124109 टन खाद का सुरक्षित भंडारण गोदामों में किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 83.62 प्रतिशत है। गोदामों में खाद पहुंचने के साथ ही वितरण की प्रक्रिया भी तेजी से चलाई जा रही है। अब तक भंडारित की गई खाद में से 98277 टन खाद का वितरण सीधे किसानों के बीच किया जा चुका है। इसका मतलब यह है कि गोदामों में पहुंची खाद का लगभग 79 प्रतिशत हिस्सा वितरित हो चुका है। इस वितरण के बाद भी वर्तमान में जिला गोदामों और सोसायटियों में 25832 टन खाद का स्टॉक सुरक्षित बचा हुआ है। जिससे आने वाले दिनों में मांग को पूरा किया जाएगा।

**खास बातें**

- बारिश की कमी के साथ ही खाद की किल्लत से परेशान थे अंचल के अन्नदाता
- खाद का भंडारण बढ़ने से किसानों को मिली राहत
- निजी दुकानों की जगह समितियों में ही मिल रही किसानों को खाद



**पर्याप्त खाद उपलब्ध**

वैश्विक युद्ध के कारण खाद के संकट की स्थिति निर्मित हुई थी लेकिन राज्य सरकार के प्रयासों से अब सोसाइटियों में पर्याप्त खाद उपलब्ध हो गई है।
- **सचिन बघेल,** अध्यक्ष, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

### बारिश रूकी, किसानों की बढ़ी फिर से परेशानी

जुलाई के शुरुआती दिनों में धुआंधार बारिश से जहां अंचल के किसानों को राहत मिली थी, बुवाई कार्य में तेजी भी देखने को मिली थी। लेकिन अब पिछले चार दिनों से फिर मौसम बदलने की वजह से किसानों की चिंताए बढ़ गई है। बताया गया कि किसान बुवाई कार्य में जुट गए है, लेकिन अब उन्हें बारिश की आवश्यकता है। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि अगले 48 घंटे में अच्छी बारिश का सिस्टम बनने की पूरी संभावना है। जिससे अंचल में बारिश देखने को मिलेगी।

### लक्ष्य और भंडारण की स्थिति

इस खरीफ सीजन में चारों प्रमुख जिलों को मिलाकर कुल 148420 टन रासायनिक खाद के भंडारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके एवज में अब तक 124109 टन खाद का भंडारण संपन्न हो चुका है, जो कुल लक्ष्य का 83 प्रतिशत है। गोदामों में भंडारित की गई कुल खाद में से अब तक 98277 टन खाद का सफलतापूर्वक वितरण किया जा चुका है। जबकि विभिन्न वितरण केंद्रों और सोसायटियों में अभी भी 25832 टन खाद का शेष स्टॉक किसानों के लिए उपलब्ध है।

### वनांचल सबसे आगे, केसीजी पीछे

अंचल के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले ने अपने तय लक्ष्य के मुकाबले 99 प्रतिशत खाद का भंडारण कर सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है। जबकि राजनांदगांव जिले में 93 प्रतिशत और कबीरधाम जिले में 77 प्रतिशत भंडारण दर्ज किया गया है। सबसे कम खाद का भंडारण खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में हुआ है, जहां अब तक करीबन 72.68 फीसदी ही खाद पहुंची है। वहीं इसमें 83 फीसदी का वितरण हुआ है। यह भंडारण सबसे कम हुआ है।

### राजनांदगांव जिले में पर्याप्त खाद

अलग-अलग जिलों की स्थिति को देखें तो राजनांदगांव जिले में प्रशासनिक सक्रियता सबसे बेहतर नजर आ रही है, जहां 45650 टन के लक्ष्य के मुकाबले 42665 टन खाद का भंडारण कर लिया गया है, जो लक्ष्य का 93 प्रतिशत से भी अधिक है। कबीरधाम जिले में सबसे बड़ा 57200 टन का लक्ष्य रखा गया था। जिसके मुकाबले 44060 टन खाद का भंडारण पूरा किया जा चुका है और 33569 टन खाद किसानों को बांटी गई है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में भी 29500 टन के लक्ष्य के सामने 21440 टन खाद का भंडारण सुनिश्चित किया गया है। इसके अलावा मोहला-मानपुर-चौकी जिले ने अपने 16070 टन के लक्ष्य के मुकाबले 15944 टन खाद का भंडारण कर लगभग शत-प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की है। इस प्रकार चारों जिलों में खाद की आवक को बनाए रखने का प्रयास किया गया है, ताकि खेती के इस मुख्य सीजन में किसानों को बुनियादी खाद मिल सके, लेकिन डीएपी की विशेष किल्लत को दूर करना अभी भी एक बड़ी प्राथमिकता बनी हुई है।

# रात के अंधेरे में बाइक ने मारी ठोकर, अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया




गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब दुकान रोड पर सड़क हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान जिला अस्पताल कवर्धा में मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतक हेमंत देवांगन निवासी वार्ड 13 टिकरीपारा गत 5 जुलाई को रात करीब 9 बजे अपनी मोटर साइकिल से गंडई आया था। शराब दुकान रोड पर अग्रवाल भवन के सामने विपरीत दिशा से आ रही मोटर साइकिल के चालक सिद्धार्थ तिवारी निवासी वार्ड 5 पंडरिया ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में हेमंत के सिर के पिछले हिस्से और पैर की अंगुली में गंभीर चोंटे आई थी। प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल कवर्धा रिफर कर दिया। कवर्धा में इलाज के दौरान 6 जुलाई को हेमंत ने दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलने पर थाना कवर्धा में मामला कायम कर जांच के लिए थाना गंडई स्थानांतरित किया गया। चश्मदीद गवाह द्रोण देवांगन के बयान और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी चालक सिद्धार्थ तिवारी के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) और 106 (1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इस हादसे में आरोपी सिद्धार्थ तिवारी को भी चोंट आई थी। जिसका इलाज चल रहा है।

# कलेक्टर ने किया पटवारी को निलंबित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर ने सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति से नगद राशि लेते हुए वीडियो वायरल होने के मामले में डोंगरगढ़ तहसील के पटवारी रामकुमार जांगड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगढ़ ने अपने प्रतिवेदन में उल्लेख किया है कि पटवारी हल्का क्रमांक 29 गाजमर्रा एवं अतिरिक्त प्रभार पटवारी हल्का क्रमांक 28 अण्डी के पटवारी रामकुमार जांगड़े का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें वे एक व्यक्ति से नगद राशि लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रतिवेदन के अनुसार प्रथम दृष्टया यह कृत्य पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, अकर्मण्यता, स्वेच्छाचारिता एवं गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। साथ ही यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते तथा निष्पक्ष विभागीय जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के अंतर्गत रामकुमार जांगड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय लालबहादुर नगर निर्धारित किया गया है।



## खबर संक्षेप

### धर्मचंद बने स्कूल समिति के अध्यक्ष



**डोंगरगढ़।** बेलगांव स्थित विद्यालय में संचालक मंडल का गत दिनों पुनर्गठन किया गया। गठन के लिए आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से भाजपा नेता धर्मचंद वर्मा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्री वर्मा पूर्व में बेलगांव सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष का जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच कौशल चंद्रवंशी, छबिलाल साहू, मुरली गेडाम, चंद्रशेखर साहू, योगेश साहू, प्रकाश अग्रवाल, सहदेव साहू, प्रमोद अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### कांग्रेस अध्यक्ष के तीन साल पूरे, मिले लोधी



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर मुलाकात कर बधाई दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कठिन परिस्थितियों में भी संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाने, कार्यकर्ताओं को सम्मान देने तथा जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य किया है।

### बच्चों को उपहार में दी शैक्षणिक सामग्री



**पटेवा।** संकुल केंद्र मोहंदी में सरबती देवी बनारसीदास फरमानिया ट्रस्ट पेंड्रा के सौजन्य से निःशुल्क शैक्षणिक सामग्री वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला बिजेतला, मुरमुंदा, इरई एवं मोहंदी के 650 छात्र-छात्राओं को कॉपी, स्कूल बैग, पेन, पहाड़ा चार्ट एवं कंपास बॉक्स वितरित किया गया। यह सामग्री ट्रस्ट के संचालक सुरेश कुमार फरमानिया ने संकुल समन्वयक दिनेश साहू के निवेदन पर उपलब्ध कराया। इस मौके पर प्रेम साहू, विभिन्न विद्यालयों के प्रधान पाठक, शिक्षक आदि मौजूद थे। इस पहल के लिए संकुल समन्वयक दिनेश साहू ने फरमानिया ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को नई ऊर्जा और प्रोत्साहन मिलेगा।

### गुणवत्ता की अनदेखी से सेहत पर पड़ सकता है विपरीत असर

# अवैध वेंडर सक्रिय, सुरक्षा व स्वास्थ्य पर उठे गंभीर सवाल, आरपीएफ मौन

## चिंतित हैं रेल यात्री, जांच और कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण स्टेशनों में शामिल डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर इन दिनों अवैध वेंडरों की बढ़ती गतिविधियां यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनते जा रही हैं। रेल यात्रियों ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 50 से अधिक अवैध वेंडर बिना अनुमति के ट्रेनों में खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। यह अवैध कारोबार गोंदिया से राजनांदगांव के बीच चलने वाली कई यात्री ट्रेनों में चल रहा है। प्रत्येक स्टेशन पर नए वेंडर चढ़ते और उतरते हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

#### बने पहचान पत्र

यात्रियों ने अभियान चलाकर बिना लाइसेंस और बिना पहचान पत्र के ट्रेन एवं स्टेशन परिसर में कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। गौरतलब है कि नियमानुसार खाद्य सामग्री बेचने वाले अधिकृत वेंडरों के पास वैध पहचान पत्र, लाइसेंस होना आवश्यक है। यात्रियों का कहना है कि स्टेशन और ट्रेनों में केवल अधिकृत वेंडरों को खाद्य सामग्री बेचने की अनुमति दी जाए तथा समय-समय पर पहचान पत्र और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांच की जाए।



#### नहीं हो रही मॉनिटरिंग

रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद अवैध वेंडरों की गतिविधियां लगातार जारी हैं। यात्रियों का कहना है कि कैमरों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तो बिना अनुमति के कारोबार करने वालों की पहचान की जा सकती है। लोगों का आरोप है कि आरपीएफ और संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

#### लाइसेंस नहीं

यात्रियों ने बताया कि बिना लाइसेंस वाले लोग खाद्य सामग्री बेचते रहते हैं। इनके खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षा की जांच भी नहीं होती है। खुली खाद्य सामग्री बेचने से स्वास्थ्य संबंधी खतरा बढ़ने की आशंका है। रेल यात्रियों का यह भी कहना है कि किसी व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित नहीं होने से असामाजिक तत्व भी वेंडर बनकर ट्रेन में प्रवेश कर सकते है जिससे अपराध होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

# नदी किनारे व खेतों में रेत का बेजा भंडारण

**डोंगरगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कड़े निर्देशों और अवैध उत्खनन तथा भंडारण पर लागू किए गए सख्त नियमों के बाद भी रेत के अवैध कारोबार पर अंकुश लगता नहीं दिख रहा है। हाल में कोहका-मटिया रोड पर डंप रेत को खनिज और राजस्व विभाग ने कार्रवाई करते हुए वापस नदी में डलवा दिया। इस कार्रवाई के बाद अर्जुनी के विभिन्न मैदानी इलाकों और रिहायशी क्षेत्रों में रेत डंप होने की जानकारी मिली है।

उल्लेखनीय है कि बारिश के दिनों में लोगों की जरूरत और दाम बढ़ने की संभावना को देखते हुए खनिज व्यवसाय से जुड़े लोगों ने आसपास से बहने वाली नदियों से रेत की चोरी छुपे निकासी कर विभिन्न निजी और सरकारी जमीनों पर डंप कर रखा है। बीते दिनों कोहका- मटिया रोड पर रेत के बेजा भंडारण की जानकारी सामने आने के बाद राजस्व और खनिज विभाग ने कार्रवाई किया था।

#### यहां भी भंडारण

बिना किसी वैध अनुमति या रॉयल्टी पर्ची के अर्जुनी की निजी और शासकीय जमीनों पर माफियाओं द्वारा रेत का अवैध स्टॉक किया गया है। जानकारी के अनुसार अर्जुनी और सुखरी के बीच नाले से खदान की ओर जाने वाले मार्ग पर बड़े पैमाने पर रेत का भंडारण किया गया है। इसी प्रकार अर्जुनी से मेढ़ा मार्ग पर नदी के किनारे बड़ी मात्रा में रेत का स्टाक था जिसे पार कर दिया गया है। इसी प्रकार रातापायली-अर्जुनी, अर्जुनी- पैरी मार्ग पर रेत का ढेर लगा हुआ है।

#### अफसरों के नाम पर उगाही

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में उगाही करने वाला गिरोह भी सक्रिय है जो अधिकारियों से अपनी निकटता बताकर भयादोहन करते हुए उगाही करने में लगा है। पता चला है कि इस गिरोह के कुछ सदस्यों ने अफसरों से सेटिंग कराने के नाम पर 30 हजार की उगाही किया था। हाल में शासन ने गौण खनिज नियमों में व्यापक संशोधनों किया है। नए नियमों के मुताबिक अवैध भंडारण और उत्खनन पर न्यूनतम 25 हजार से 5 लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

# बैठक में न्याय समाज की स्थापना पर चर्चा

- बैठक में शामिल हुए वनांचल के युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

छुरिया डोंगरी में न्याय प्रचार के सिलसिले में न्याय बैठका का आयोजन किया गया। बैठक में पानबरस, औंधी, खडगांव, कहगांव, हालामीटोला, हिंदड़, कुंवर दल्ली, कौड़ीकसा, मजियापार सहित अन्य गांवों के युवाओं शामिल हुए। बैठक में न्याय समाज प्रभारी शैलेन्द्र यदु ने न्याय समाज, धर्म संस्थापक संघ एवं न्यायधर्म सभा हरिद्वार के बारे में विस्तार से अवगत कराया।



समाज में न्याय की आवश्यकता और शिक्षा की उपयोगिता को निरूपित करते हुए गुरुदेव अरविंद अंकुर द्वारा एनडीएस प्रतिपादित न्याय प्रस्तावों में से मूलभूत चार जनाधिकार, महालोकतंत्र की अवधारणा के बारे में विस्तार से बताया गया। एनडीएस कार्यकर्ता जयचंद पटेल ने न्याय समाज को विस्तारित करने में उपस्थित जनों की भूमिका पर चर्चा करते हुए न्याय समाज गठन के लिए आवश्यक शर्तों को अंगीकार करते हुए सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। बैठका में अशवन निर्मलकर, साहिल, गुलशन निर्मलकर, कमल ओझा, शेखर परतेती, ईश्वर चुरेंद्र, रमाकांत, डोमन भुआर्य, भूषण साहू, तोमू रजक, धनेंद्र साहू, गोविंद साहू, राजेंद्र नूरेती, रमन गंधर्व, शुभम साहू, तुलेश्वर साहू, अर्जुन कोला, कैलाश, मंगेश्वर कोवाची सहित अन्य उपस्थित थे।

# चारभाठा में गहराया पीएम आवास विवाद

## ब्लॉक की टीम करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत चारभाठा में प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची को लेकर उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। विवाद की शुरुवात तब हुई जब हितग्राहियों की सूची तैयार करते समय कई के नाम काट दिए गए।

- सूची में अपात्रों के नाम

ग्राम सभा में हंगामा इस बात को लेकर हुआ कि जो परिवार पात्र हैं, उनके नाम आवास सूची से बाहर कर दिया गया है वहीं जिनके पास पक्के मकान होने के साथ वह आर्थिक रूप से संपन्न हैं, के नाम सूची में शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है जो इस योजना के लिए पात्र हैं उनके नाम लिस्ट से कैसे गायब हो गए?

#### टीम करेगी जांच

विवाद के बीच अब प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है। आने वाले दिनों में जनपद पंचायत की जांच टीम ग्राम पंचायत चारभाठा पहुँचेगी, जो इस समस्या का निराकरण करेगी।




#### सीएम हेल्प लाइन में शिकायत

इस कार्यप्रणाली से असंतुष्ट होकर गांव के कुछ युवकों ने मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज करा दी है। शिकायत के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। आरोप है कि कुछ लोग शिकायतकर्ता दुर्गेश साहू के घर पहुँचे और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। इसके अगले दिन पंचायत भवन में भी शिकायतकर्ता को बुलाकर दबाव डाला गया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए 112 की टीम को बुलाना पड़ा।

#### पंच के परिवार को लाभ

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एक पंच के परिवार के नाम पर कई आवास स्वीकृत कर दिए गए हैं, जिससे आक्रोश बढ़ गया है। इस अनियमितता के विरोध में प्रभावित लोगों ने अपना दावा-आपत्ति दर्ज कराया था। इन आपत्तियों के निराकरण के लिए पंचायत द्वारा दूसरी बार ग्रामसभा का आयोजन किया गया, लेकिन यह बैठक विवादों में घिर गई। ग्रामीणों का आरोप है कि इस बैठक में वही लोग उपस्थित थे जिनके नाम आवास सूची में शामिल थे, और पंचायत ने उनके नामों का अनुमोदन कर दिया है।

# चारभाठा में सिलाई मशीन प्रशिक्षण का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत चारभाटा में आयोजित सिलाई मशीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। राशि वेलफेयर सोसाइटी, राजनांदगांव द्वारा आयोजित इस विशेष शिविर में गांव की लगभग 25 से 30 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सिलाई-कढ़ाई के हुनर सीखे।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य (क्षेत्र क्रमांक-10) श्रीमती भुनेश्वरी देवांगन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उप सरपंच गुलाब साहू उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रशिक्षण पूरा करने वाली सभी



महिलाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती भुनेश्वरी देवांगन ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में कौशल विकास आधारित प्रशिक्षण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। सिलाई सीखने से महिलाएं घर बैठे ही आर्थिक उपार्जन कर अपने परिवार को संबल प्रदान कर सकती हैं।

राशि वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष संतोषी साहू ने बताया कि उनकी संस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाना है। वहीं, संस्था के सचिव तरुण पटेल ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी महिलाओं के हित और उनके कौशल उन्नयन के लिए इस तरह के निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे।

प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं ने राशि वेलफेयर सोसाइटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस शिविर से उन्हें न सिर्फ सिलाई का हुनर सीखने को मिला, बल्कि अब वे खुद का काम शुरू कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित हुई हैं। इस गरिमामयी समापन समारोह में संस्था की सदस्य श्रीमती गायत्री साहू, श्रीमती क्षमा साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# कोचिंग प्री-टेस्ट में शामिल हुए 300 बच्चे

**गंडई पंडरिया।** निःशुल्क नवोदय-प्रयास कोचिंग संस्थान नवप्रयास में प्रवेश के लिए 12 जुलाई को परीक्षा का आयोजन किया गया। इस प्री-टेस्ट में आसपास के गांवों के लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें से 80 विद्यार्थियों का चयन कोचिंग के लिए किया जाएगा।

यह संस्थान बीईओ सुधाकर के निर्देशन तथा संयोजक कौशल राजपूत और प्रधान पाठक यांत्री पडवार के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। संस्था के पिछले वर्षों के शानदार परिणाम,पालको के लिए रोल मॉडल बन गए हैं।

पिछले सत्र में संस्था से नवोदय विद्यालय में खुशांश वर्मा, विक्रम मंडावी, प्रणव राजपूत और तुमेश कांवरे का चयन हुआ। इसी तरह सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में खुशांश वर्मा, प्रणव राजपूत, मोक्ष वैष्णव, ओजस साहू और विदुषी वर्मा ने सफलता प्राप्त की। इसी प्रकार एकलव्य विद्यालय के लिए



विक्रम मंडावी, मनीष नेताम, भावना धुर्वे, लिहान धुर्वे, तृप्ति नेताम और निहारिका मरकाम का चयन हुआ था। एनएमएमएस परीक्षा में अमन जंघेल, केशरी यादव, तारणी श्रीवास, सोनिया साहू, भूमिका साहू, रूखमणी साहू, लक्ष्य देवांगन, मयंक देवांगन, गुंजित जंघेल, भारती साहू, लक्ष्मी साहू, त्रिलोक नायक, यामिनी साहू, लोमेन्द्र नायक, वसु, डिंपल नेताम, नारायण साहू, हेमंत कुमार साहू, तुषार साहू और दिवाकर साहू ने सफलता हासिल किया।

परीक्षा के दौरान समन्वयक राजेश श्रीवास्तव, योगेन्द्र कश्यप, खेमशंकर साहू, उज्जवल नामदेव, पुनेश्वर देवांगन, भागचंद साहू, पूर्णेश वैष्णव, दीपक मिश्रा, महेश वर्मा, खेमलाल जंघेल, बिरेंद्र वर्मा, मायाराम राठौर, शेख कलीम, सुशील साहू, शिवचरण वर्मा, तोकराम सिंहा, जगदीश पटेल, देवेन्द्र साहू, टार्जन नेताम और शिव श्रीवास्तव उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार नवोदय कोचिंग का शुभारंभ 18 जुलाई को किया जाएगा।

## लोगों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

# राष्ट्रोत्कर्ष दिवस पर पथर्रा में हुए धर्म और सेवा के विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के 84 वें प्राक्टय महोत्सव को आदित्य वाहिनी ने पत्थर्रा क्षेत्र में राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में मनाया। गत 12 जुलाई को इस मौके पर धार्मिक अनुष्ठान के साथ समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के कार्य किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा पाठ और सीताराम कीर्तन के साथ हुई। इस अवसर पर पार्थिव शिवलिंग पूजा का संकल्प लिया गया। आदित्य वाहिनी के क्षेत्रीय अध्यक्ष नीलकंठ साहू, गंडई प्रमुख कौशलेंद्र यादव, उत्तम राजपूत, चंद्रवाद साहू, सोनू साहू और केवल साहू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि समस्त जीवों के प्रति दया भाव रखना भी हमारा कर्तव्य है।



#### मरीजों की भी सेवा

गंडई के स्वास्थ्य केंद्र में सेवा दल ने रोगियों को फल और बिस्किट का वितरण किया। इस दौरान नीलकंठ साहू, कौशलेंद्र यादव, जुगनू साहू, सोनू साहू, चंद्रवाद, तामेश्वर साहू, विजय साहू और महेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

#### पौधरोपण का आह्वान

कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों और नागरिकों को पर्यावरण रक्षा के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने सभी से आव्हान किया कि वह हर शुभ अवसर, त्योहार और जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने जीवन के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धन, पद और स्वाभिमान क्षणभंगुर हैं। मधुर वाणी और श्रेष्ठ आचरण ही आपको समाज से जोड़कर रखते हैं। यदि स्वभाव अच्छा नहीं है, तो अपने भी साथ छोड़ देते हैं। अतः अपनी संस्कृति को सहेजें और समाज के लिए एक नया इतिहास रचें। कार्यक्रम के दौरान नीम के पौधे का रोपण किया गया। चीटियों को शक्कर, मछलियों को आटा और गौ माता के लिए रोटी और हलवा खिलाया गया। बच्चों को भी हलवा, रोटी और मिठाई खिलाया गया।



## खबर संक्षेप

### श्रेयांश ने नेपाल में जीता स्वर्ण पदक



**खैरागढ़।** जिले के छुईखदान ब्लाक के होनहार खिलाड़ी श्रेयांश श्रीवास्तव ने नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय इंडो नेपाल स्कूल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 25-26 में फुटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। उनकी इस सफलता से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरव बढ़ा है। प्रतियोगिता के समापन समारोह में उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया, जिससे पूरे जिले में खुशी का माहौल है। श्रेयांश संदीप श्रीवास्तव और डॉ मीनू श्रीवास्तव के पुत्र हैं। उन्होंने कठिन परिश्रम, नियमित अभ्यास और दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। प्रतियोगिता में भारत और नेपाल सहित विभिन्न स्थानों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें श्रेयांश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामना देते हुए कहा कि श्रेयांश की सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय और युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। श्रेयांश भविष्य में भी देश का नाम रोशन करेंगे। ऐसे खिलाड़ियों को हर स्तर पर प्रोत्साहन देना चाहिए। खेल प्रेमियों, शिक्षकों सहित सामाजिक संगठनों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। श्रेयांश की सफलता अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत होने के साथ साथ इस बात का भी प्रमाण है कि प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन से लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### पदाधिकारियों ने आयुक्त से की सौजन्य भेंट



**राजनांदगांव।** श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन के साथ सचिव अमलेंदु हाजरा, शैलेंद्र तिवारी, राकेश ठाकुर, हरजीत सिंह भाटिया, गुरुमुखदास वाधवा एवं समिति के सदस्यों द्वारा नगर निगम आयुक्त मरकाम से भेंट की। आयुक्त का स्वागत-अभिनंदन नगर निगम कार्यालय में किया गया।

### आपदा प्रभावितों को अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि व आंधी तूफान से 26 मकान आंशिक क्षति होने पर 1 लाख 5 हजार रुपए, अतिवृष्टि व आंधी-तूफान से मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार, तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए तथा सर्पदंश से एक जनहानि होने पर 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की है।

### बार-बार शिकायत के बाद भी सुधार को लेकर गंभीरता नहीं

# लगातार हादसों से सबक नहीं ले रहा बिजली विभाग, पनपा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लगातार हादसों के बाद भी बिजली विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। एक ओर बिना सुरक्षा उपकरणों के ठेका श्रमिकों से लाइन का काम कराया जा रहा वहीं दूसरी ओर बार-बार शिकायत के बाद भी सुधार को लेकर गंभीरता नहीं बरती जा रही जिसके चलते लगातार हादसे हो रहे है और जाने जा रही है।

दो महीने पहले टोलागांव में पेड़ काटने के दौरान चलित लाइन बाधित नहीं करने के कारण पेंड्रीकला निवासी ठेका श्रमिक हेमंत साहू 45 साल की दर्दनाक मौत हो गईं और चार मासूम बच्चियो के सिर से पिता का साया हट गया वहीं अब गाड़ाघाट पांडादाह रोड में किसान के खेत में गिरे बिजली तार को दो महीने पहले आवेदन देने के बाद भी नहीं हटाने या सुधार नहीं करने के कारण धान का रोपा लगाने रोजी में गये एक महिला एक पुरुष मजदूर घायल हो गये जबकि पिपलाकछार निवासी धनसाय पटेल की मौत हो गईं। परिवार का इकलौता कमाऊ था धनसाय जो रोजी मजूरी करके बेटी को पढ़ा भी रहा था और दिव्यांग पत्नि की देखरेख करता था। हादसे से पूरा परिवार सदमे में है।

पता चला है कि खेत मालिक चेतनदास साहू ने मई महीने में ही तार गिरने की लिखित सूचना पांडादाह सब डिवीजन ऑफ़िस में देकर सुधार का अनुरोध किया था वहीं सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की थी, लेकिन दोनों जगह आवेदन देने के बाद भी विभाग के जिम्मेदारों ने लापरवाही बरती जिसका खामियाजा रोजी मजूरी करके परिवार का भरण पोषण करने वाले मजदूर को भुगतना पड़ा। इससे पहले भी शहर में एलटी लाईन चालू रहते सिवनी के ठेका श्रमिक को बिजली पोल पर चढ़ाने वाले जेई और एई के खिलाफ भी पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया था, लेकिन कोर्ट कचहरी तक की दौड़ लगाने के बाद भी विभाग के जिम्मेदारों की आंख नही खुली है।

#### नहीं ले पा रहा है विभाग सबक

लगातार हादसों के चलते जाने जा रही है और विभाग कुंभकर्णी नींद मे सोए हुए है। हर हादसे के बाद कारवाई और सुधार का भरोसा देकर माहौल को शांत करने के बाद जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सही तरीके से नही कर पा रहे जिसके चलते निर्दोषों की जान जा रही और परिवार बेसहारा हो रहा है। इस मामले में भी कमोबेश यही स्थिति बनी है। 19 मई को खेत मालिक बुजुर्ग चेतनदास साहू स्वयं आफिस पहुंचा, अधिकारियों को मौखिक जानकारी देने के बाद उसकी शिकायत बकायदा रजिस्टर में दर्ज हुई, लेकिन पूरा मई, जून बीत गया विभाग शिकायत निराकरण को लेकर गंभीर नही हो पाया। सवा महीने तक लटकते तार को देखकर चेतनदास साहू ने सीएम हेल्पलाइन में आनलाईन शिकायत दर्ज कराई तो जवाब मिला कि आवेदन में सक्षम विभाग को कारवाई करने का निर्देश दिया जा चुका है इसके बाद भी दस दिन बीत गया। विभाग के कतिपय जिम्मेदार आंख मूंदे रहे और उसका खामियाजा गरीब धनसाय पटेल को जान से हाथ धोकर चुकाना पड़ा।

#### समझाया तब जाकर माने आक्रोशित ग्रामीण

हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने विभाग के सब डिवीजन कार्यालय का घेराव कर मजदूर की असमय मौत के पीछे जिम्मेदारों की भूमिका तय करने और कड़ी कारवाई की मांग को लेकर घंटो हंगामा किया था। जानकारी मिलने पर एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, नायब तहसीलदार भूपेंद्र नेताम, थाना प्रभारी अनिल शर्मा मौके पर पहुंचे जहां ग्रामीणों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पूरा अमला सब डिवीजन आफिस में ताला लगाकर भाग गया है। अधिकारियों के बुलावे पर विभाग के एई उत्तम साहू, जेई अतुल सिंह गहरवार पहुंचे जहॉ ग्रामीणों ने दोनों अधिकारियों का जमकर खरीखोटी सुनाते हुए घेर लिया था। मौके पर पुलिस ने दोनों को सुरक्षित निकाला और ग्रामीणों से ज्ञापन लेकर कड़ी कारवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद माहौल शांत हो पाया।

#### अवैध वसूली बनी है विभाग की प्राथमिकता

बिजली विभाग में हर काम का दाम फिक्स है। नलकूप कनेक्शन लेना हो तो पहले नक्शा बनाने लाइनमैन, फिर दस्तावेजी अवलोकन और मार्किंग कर अधिकारी की टेबल तक भेजने वाले बाबू, टेबल मे बैठे अधिकारी सब का रेट फिक्स है। यदि उसके बाद भी चढ़ोतरी कम हुई तो अड़चन बताकर निराकरण के लिए बड़े अधिकारी तक भेजने की प्रक्रिया किसान का पूरी करनी पड़ती है। हर कदम हर चरण में चढ़ावे के बाद डिमांड नोट कट गया, राशि भी जमा हो गई तो वर्क लोड का बहाना, ठेकेदार के बाद लाइन खींचने गए मजदूरों तक को चढ़ावा चढ़ाना किसान की मजबूरी है। इन सबके बाद यदि बिजली लग भी गई तो कही टूट फूट सुधार के नाम पर अतिरिक्त चढ़ावा दिए काम नही हो पाता। धनसाय पटेल की मौत मामले में भी यही चीज सामने आ रही है। चेतनदास साहू ने अधिकारियों को बताया कि सुधार के लिए जंगलपुर के किसी लाइनमैन या ठेका कर्मचारी ने पैसा मांगा था नही देने पर काम नही हुआ और गरीब की जान चले गई।

# भूलाटोला में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के ग्राम पंचायत भूलाटोला में अटल डिजिटल सेवा केंद्र भवन का भूमिपूजन जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। ग्रामीणों की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया।

इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से यह केंद्र सरकार की एक अभिनव पहल है। अटल डिजिटल सेवा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाएं, राशि निकासी, प्रमाण पत्र संबंधित कार्य सहित पंचायत स्तर के कई आवश्यक कार्य एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगे। इससे ग्रामीणों का समय और श्रम दोनों की बचत होगी तथा उन्हें शहरों की ओर भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों स्तर पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।

इस अवसर पर जिपं सभापति दिनेश वर्मा, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, गोरेलाल वर्मा, दानी जंघेल, महेंद्र वर्मा, विक्रम मानिकपुरी, महेश्वरी वर्मा, चंदन मानिकपुरी, बालकराम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

#### योजना के लाभ से वंचित न हो

वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है और इसी दिशा में गांव-गांव तक सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 योजना का भी उल्लेख करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में इसके लिए ग्राम पंचायतों को सूची जारी कर दी गई है, जिसमें पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से अपील की कि कोई भी पात्र हितग्राही इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने महिलाओं से महतारी वंदन योजना के संबंध में जानकारी ली। इस पर उपस्थित महिलाओं ने बताया कि यह योजना उनके आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में बेहद प्रभावी साबित हो रही है। महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

# एसडीएम ने कहा-कौशल विकास पर करें फोकस

### सेजेस कन्या शाला का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

एसडीएम ने सेजेस कन्या शाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जायजा लिया। सेजेस कन्या के निरीक्षण दौरान एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने कक्षा बारहवीं की छात्राओं से नैतिक मूल्यों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा किया कर कौशल विकास के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज हमारे छात्र छात्राओं में नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है जिसे पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है जहॉ जनता ही सरकार को नियंत्रित करती है इसलिए जब हम सब सच्चे और ईमानदार होंगे तभी एक ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ जनप्रतिनिधि का चुनाव कर सकते है। उन्होंने कहा कि हमारी सबसे बड़ी ताकत अहिंसा परमो धर्म है। सत्य हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ होना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने कौशल विकास पर बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें रटन पद्धति को त्याग कर चिंतन करना चाहिए। हर हाथ को काम चाहिए जितना महत्व उपाधि का है उतना ही स्किल जरूरी है। यदि हम पढ़ाई के साथ साथ कार्य करना सीख जाएंगे तो हमें आर्थिक तंगी नहीं सताएगी।

प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह ने छात्राओं को पर्यावरणीय संरक्षण की शपथ दिलाते हुए बच्चों को अपने घर के आस पास, समाजिक भवन शाला भवन की खाली स्थानों पर अधिक से पौधा रोपण करने और स्वच्छता बनाएं रखने प्रेरित किया। इस दौरान सेजेस कन्या शाला स्टाफ के लोग मौजूद थे।

### सीएमएचओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**राजनांदगांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुज्जी का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीएमएचओ निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य केन्द्र खुज्जी में प्रति बुधवार को आयोजित योत्र सत्र में शामिल हुए एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुज्जी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में साफ-सफाई एवं मौसमी बीमारियों, डॉग बाइट, स्नेक बाइट के उपचार की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्टॉप डायरिया कैम्पेन 2026 अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र में ओआरएस कॉर्नर अनिवार्य रूप से बनाने तथा संस्थागत प्रसव बढ़ाने एवं उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं का समयावधि में सोनोग्राफी कराने एवं दूरभाष के माध्यम से समय-समय पर स्वास्थ्य की जानकारी लेने के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव के निरीक्षण के दौरान भर्ती मरीजों से चर्चा की और केन्द्र में मिल रही चिकित्सकी सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव को जिले का मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराने भवन संचालित विकासखण्ड प्रोग्राम यूनिट को एक सप्ताह के भीतर नवनिर्मित बीपीएचयू भवन में स्थानांतरण करने निर्देशित किया।

# सालों से अधूरा पड़ा दपका का स्कूल भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- दो बदले, तीसरे सरपंच के कार्यकाल में भी नहीं बन पाया अतिरिक्त कक्ष
- 2018 की स्वीकृति, 2026 में भी अधूरा भवन

ब्लाक के ग्राम पंचायत दपका के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 18-19 में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 6.45 लाख रुपया स्वीकृत हुआ। निर्माण कार्य शुरू भी हुआ, लेकिन छज्जा लेवल तक आकर आठ सालो से रूका है। भवन आधा अधूरा पड़ा है और धीरे-धीरे जर्जर होता जा रहा है। जिस भवन में बच्चों की पढ़ाई होनी थी, वहां अब झाड़िया उग आई हैं।

निर्माण कार्य 2015 से 20 तक सरपंच रहीं कुंती देवांगन के कार्यकाल में शुरू हुआ। उनका कहना था कि स्वीकृत राशि से अधिक काम कराया गया, लेकिन मूल्यांकन अनुरूप भुगतान नहीं मिला। इसके बाद 20 से 25 तक सरपंच रहीं सुनीता साहू ने अधूरे भवन को पूरा कराने के बजाय पूरा मामला पिछली पंचायत के सिर छोड़ दिया। एक ने भुगतान का बहाना बनाया तो दूसरी ने पुरानी पंचायत पर जिम्मेदारी डाल दी।

नतीजा यह रहा कि पांच साल बीत गया और बच्चों के हिस्से का अतिरिक्त कक्ष अधूरा ही रह गया। वर्तमान में केसरी नेताम सरपंच हैं, लेकिन वो भी अधूरे भवन को पूरा कराने की दिशा में ठोस पहल कर रहे दिखाई नहीं दे रहा। दो सरपंचों का कार्यकाल गुजर गया हैं और तीसरे का कार्यकाल चल रहा है, फिर भी भवन जस का तस खड़ा है। इससे साफ है कि केवल पंचायत ही नहीं, बल्कि जनपद पंचायत, तकनीकी अमला और निर्माण की निगरानी करने वाले जिम्मेदार अधिकारी भी अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल है और शासन की राशि खर्च होने के बावजूद निर्माण पूरा नहीं होना पंचायत और प्रशासनिक व्यवस्था दोनों पर गंभीर सवाल खड़े करता है।



#### अधूरा भवन किसी काम का नहीं, सरकारी धन बर्बाद

करीब आठ सालों से अधूरा पड़ा अतिरिक्त कक्ष अब विद्यार्थियों के किसी काम का नहीं रह गया है। जिस भवन पर लाखों रुपया खर्च किया गया वह उपयोग में आने के बजाय धीरे-धीरे खंडहर में बदल रहा है। यदि समय पर निर्माण पूरा नहीं कराया गया, तो अब तक खर्च हुई सरकारी राशि भी पूरी तरह बेकार साबित होगी। यह केवल अधूरा निर्माण नहीं, बल्कि सरकारी धन के दुरुपयोग और विद्यार्थियों के अधिकारों की अनदेखी का गंभीर मामला है। पूरे मामले की तकनीकी एवं वित्तीय जांच कर यह तय किया जाना चाहिए कि निर्माण अधूरा छोडने का जिम्मेदार कौन है। जिन जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, इंजीनियरों या कार्य एजेंसी की लापरवाही सामने आए, उनसे नियमानुसार सरकारी राशि की वसूली की जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो या अधूरे भवन का निर्माण तत्काल पूरा कराया जाए, ताकि आठ सालों से अतिरिक्त कक्ष का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों को उनका अधिकार मिल सके।

#### जांच कराई जाएगी

सरकारी योजनाओं का उद्देश्य अधूरे ढांचे खड़े करना नहीं, बल्कि जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मामले की पूरी जानकारी लेकर जांच कराई जाएगी। - **हिमांशु गुप्ता,** सीईओ जनपद पंचायत

### प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**डोंगरगढ़।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वीं में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं से 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। चयन परीक्षा 28 नवम्बर को विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी।

# शहीद की पुण्यतिथि पर पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहीद निकेश यादव की पुण्यतिथि पर आत्मनिर्भर खैरागढ़ अभियान तहत विभिन्न सेवाभावी संस्थाओं, राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विवि परिवार, जिला पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण व श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर शहीद के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कोतवाली थाना परिसर में कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा, एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा, एएसपी नितेश कुमार गौतम, शहीद के पिता पुरुषोत्तम यादव, टीआई अनिल शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने नीम, कदम व रोजिया के पौधे लगाकर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विवि के कैंपस-2 में करंज एवं गुलमोहर के पौधे रोपे गए। इस दौरान कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा व कबीरधाम जिले की संस्था हरीतिमा की टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। सिविल अस्पताल परिसर में बीएमओ डॉ विवेक बिसेन, डॉ पंकज वैष्णव सहित अन्य चिकित्सकों के मार्गदर्शन में नीम और स्पेथोडिया के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



#### पौधों को वृक्ष बनाने लिया संकल्प

कार्यक्रम का समापन दाऊचौरा के शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा के साथ हुआ, जहां जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं नागरिकों ने शहीद निकेश यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने शहीद परिवार का शॉल श्रीफल और जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने तिरंगा बैच लगाकर उन्हें सम्मानित किया। कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने शहीद को नमन करते हुए कहा कि शहादत दिवस को पौधारोपण जैसे रचनात्मक अभियान से जोड़ना एक सराहनीय व अनुकरणीय पहल है, जो समाज में सकारात्मक संदेश देती है। एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा ने कहा कि शहीद परिवारों का सम्मान केवल शहादत दिवस तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज को हर दिन उनके प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का भाव बनाए रखना चाहिए। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने शहीद निकेश यादव सहित मदनवाड़ा की घटना में शहीद हुए सभी 27 पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि पौधरोपण तभी सार्थक होगा, जब प्रत्येक पौधे को वृक्ष बनने तक संरक्षित किया जाए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था हरीतिमा की सराहना करते हुए शहीद दिवस पर आयोजित इस पहल को प्रेरणादायी बताया।

#### गतिविधियों एवं उद्देश्यों की दी जानकारी

हरीतिमा संस्था के महेश सिंह ठाकुर ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में संस्था द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों व उद्देश्यों की जानकारी दी। समसुल होदा खान ने आत्मनिर्भर खैरागढ़ अभियान के अंतर्गत स्वच्छता, पौधारोपण व जल संरक्षण के लिए जारी प्रयासों पर प्रकाश डाला। संचालन अनुराग तुरे और आभार प्रदर्शन शिक्षक रूपेश कुमार देवांगन ने किया। इस दौरान अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, पार्षद रूपेंद्र रजक, जिला भाजपा महामंत्री शशांक ताम्रकार, सुशीलकांत पांडेय, सूर्यकांत यादव, पुष्पा सिंदूर, प्रो डॉ राजन यादव, प्रो डॉ नमन दत्त, डॉ मानस साहू, डॉ हरिओम हरि, चंद्रप्रकाश गायकवाड़, कौशल जैन सहित पुलिस, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का मिला प्रमाण पत्र

# स्वास्थ्य केंद्र पेंडरवानी को मिली बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेंडरवानी को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों की सुरक्षा, स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण तथा मरीज-केंद्रित सेवाओं के लिए मिली है। इस उपलब्धि से लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होगी।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्ता, मरीज सुरक्षा, स्वच्छता प्रबंधन एवं संस्थागत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेंडरवानी का मूल्यांकन किया गया था। मूल्यांकन के दौरान सेवा प्रदाय, मरीजों के अधिकार, मानव संसाधन एवं अवसंरचना प्रबंधन, मरीजों की देखभाल, क्लिनिकल सेवाओं की गुणवत्ता, संक्रमण नियंत्रण, जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन, औषधि एवं लॉजिस्टिक प्रबंधन, अभिलेख एवं दस्तावेजीकरण, सहयोगी सेवाएं, प्रभावी रेफरल प्रणाली, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली तथा सतत गुणवत्ता सुधार गतिविधियों का गहन परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य केंद्र ने निर्धारित सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया।

जिले के अंतिम छोर पर स्थित होने के बावजूद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेंडरवानी में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने, आवश्यक दवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने, रात्रिकालीन आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा मरीज-केंद्रित सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य किया गया। इन सतत प्रयासों का परिणाम है कि स्वास्थ्य केंद्र राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरने में सफल रहा। इससे क्षेत्र के नागरिकों को अब और अधिक बेहतर, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।



#### सामूहिक प्रयास का परिणाम

संस्था प्रभारी मो. इरशाद खान एवं शबाना खान ने बताया कि यह उपलब्धि पूरी टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय सीएमएचओ डॉ. आशीष शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोनल ध्रुव, डॉ. कविता चंद्राकर, डॉ. अक्षय तिवारी, डॉ. प्रीतम राय, डॉ. मनीष बघेल, ब्रिजेश ताम्रकार, विनय रामटेके, विनोद पटेल, विवेक मेश्राम, प्रकाश, डॉ. श्वेता ताम्रकार सहित अन्य को दिया।

#### पहले भी मिल चुका पुरस्कार

उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेंडरवानी को इससे पूर्व स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत दो बार कायाकल्प पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। अब एनक्यूएएस प्रमाणन प्राप्त होने से यह स्वास्थ्य केंद्र जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का एक उत्कृष्ट मॉडल बनकर उभरा है।

#### टीम के प्रयास की सराहना

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने इस उपलब्धि पर स्वास्थ्य केंद्र की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि एनक्यूएएस प्रमाणन केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर प्रदान करने की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्ता सुधार की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी, ताकि प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकें।

## सार समाचार

### नवपदस्थ जिपं सीईओ अधिकारी ने संभाला पदभार



**राजनांदगांव।** नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्गा प्रसाद अधिकारी वर्ष 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। कार्यभार ग्रहण के दौरान जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### शिविर में 112 यूनिट रक्तदान

**राजनांदगांव।** संत निरंकारी सतसंग भवन लालबाग राजनांदगांव में विशाल रक्तदान शिविर 12 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया। शिविर में 22 महिला एवं 89 पुरूष ने 112 यूनिट



रक्तदान किया, जिसे जिला चिकित्सालय एवं लाइफ-लाईन ब्लॉड बैंक राजनांदगांव में जमा किया गया। संत निरंकारी मंडल राजनांदगांव के संयोजक रूपलाल राजवानी ने रक्तदान करने वालों का निरंकारी मिशन की ओर से धन्यवाद व आभार प्रकट किया। प्रथम डोनर जितेन्द्र बजाज ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन रिबन काटकर किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी ने दी।

### पूर्व सरपंच ने स्कूल को भेंट की घड़ी

**राजनांदगांव।** शासकीय कौरव माध्यमिक शाला पारीकला में पूर्व सरपंच



व डॉ. बीडी साहू ने शिक्षकों की प्रेरणा से प्रेरित होकर दीवार घड़ी भेंट किया। इस अवसर पर सविता गनवीर, विष्णु शर्मा, चांदनी कंवर, सुशीला हेड़ाऊ, विनीता जेम्स, स्वाति जैन आदि ने बीडी साहू का आभार व्यक्त किया।

### सम्मेलन में निमिषा ने किया प्रतिनिधित्व

**राजनांदगांव।** पं. किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधि ने एक और उपलब्धि हासिल की है। देश की राजधानी नई



दिल्ली में आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ सेंटर्स ऑफ लीगल एजुकेशन जैसे महत्वपूर्ण सम्मेलन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा ने अपने सहयोगी सहायक प्राध्यापक डॉ. अतुल सोनी के साथ हिस्सा लेकर अपने सुझाव सम्मेलन में रखे।

देश के विधि एवं न्याय मंत्रालय तथा बार काउंसिल ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित उक्त सम्मेलन का मुख्य विषय स्ट्रेथनिंग लीगल एजुकेशन थ्रू इंटीग्रेशन ऑफ रीजनल लैंग्वेजेस रखा गया था। सम्मेलन का उद्देश्य विधि शिक्षा को समावेशी, सुलभ एवं प्रभावी बनाने हेतु 10 वर्षों की चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार करना था। सम्मेलन में डॉ. निमिषा मिश्रा ने महत्वपूर्ण सुझाव देते कहा कि आगामी 10 वर्षों में प्रभावी और व्यवहारिक मॉडल विकसित करने की दिशा में क्षेत्रीय भाषाओं का समावेशन किया जाना विधि के क्षेत्र में फलदायी हो सकता है।

### योग आयोग अध्यक्ष ने डोंगरगढ़ में की पूजा-अर्चना



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग अध्यक्ष संजय अग्रवाल राजनांदगांव जिले के प्रवास के दौरान डोंगरगढ़ स्थित प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर प्रदेश के समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने विश्राम भवन में जनप्रतिनिधि, संस्थाओं के प्रतिनिधियों, जनसामान्य एवं अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने आयुष विभाग के अधिकारियों से राज्य योग आयोग द्वारा जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि योग को दिनचर्या में शामिल करने एवं स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने से नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ होगा। उन्होंने नागरिकों को स्वस्थ रहने योग को जन-जन तक पहुंचाने कहा।उन्होंने अधिकारियों को अधिक से अधिक जनमानस को योग से जोडऩे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने एवं जागरूक करने के निर्देश दिए।

### जनपद पंचायत साधारण सभा होगी 6 को

**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत राजनांदगांव के साधारण सभा की बैठक 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे जनपद पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में सदस्यों को उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### चैम्पियनिशिप में गायत्री विद्यापीठ ने लहराया परचम

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव के विद्यार्थियों ने इंटर डिस्ट्रिक्ट कराटे चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विद्यालय एवं जिले



का गौरव बढ़ाया। यह प्रतियोगिता कस्तूरबा महिला मंडल राजनांदगांव में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते 21 स्वर्ण, 18 रजत एवं 3 कांस्य पदक अपने नाम किए। विजेता खिलाड़ियों में जैमिनी साहू, योजित साहू, मोक्ष साहू, कबीर साहू, तोमन सोनकर, सचेतन चौगुले, मेहल राजगर, खुश चावड़ा, वार्या टेंडेकर, परिधी वैष्णव, जिज्ञांशु साहू, मोहन, वेद पटेल, प्रियंका चौबुले एवं ख्याति साहू शामिल रहे। इस अवसर पर स्पोर्ट्स डायरेक्टर सागर चितलांग्या ने कहा कि कराटे केवल एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, साहस और आत्मरक्षा की उत्कृष्ट कला है। विद्यार्थियों ने अपने समर्पण, कठिन परिश्रम और नियमित अभ्यास के बल पर यह सफलता अर्जित की है। क्रीड़ा अधिकारी अखिलेश मिश्रा एवं कराते शिक्षक जयप्रकाश साहू, जयदीप सिन्हा एवं अन्नपूर्णा साहू के कुशल मार्गदर्शन एवं नियमित प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

# आईजी यादव ने संभाला पदभार, बेसिक पुलिसिंग पर होगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस रेंज राजनांदगांव के नवपदस्थ पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने रेंज के पुलिस अधीक्षकों की समीक्षा बैठक ली और स्थानीय पत्रकारों से चर्चा कर कानून व्यवस्था को बेहतर करने प्राथमिकता बताई।

आईजी अजय यादव ने राजनांदगांव जिले सहित कवर्धा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में बेहतर कानून व्यवस्था स्थापित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बल की कमी रहती है, लेकिन उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने, बेसिक पुलिसिंग और कानून व्यवस्था में फोकस होगा। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में कानून व्यवस्था को और दुरुस्त करेंगे, जिलों की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य किया जाएगा। शहर में बदहाल यातायात व्यवस्था के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि यातायात में उपलब्ध बल का आंकलन करके व्यवस्था को बेहतर बनाएंगे।

## कानून व्यवस्था को बेहतर करना पहली प्राथमिकता

### रेंज के पुलिस अधीक्षकों की बैठक

जिले सहित पुलिस रेंज में क्राइम के पैटर्न, कानून व्यवस्था की स्थिति को समझने आईजी ने राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षकों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अपराध के मामले में अलग-अलग जिलों के हालातों को समझा और संबंधित जिलों के एसपी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि बैठक में पूरे रेंज की कानून-व्यवस्था, अपराधों की प्रकृति एवं पुलिसिंग की वर्तमान स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई है। आईजी ने कहा कि अपराधों के अनुसंधान को और प्रभावी बनाया जाएगा तथा अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



### अवैध शराब पर कार्रवाई से संतुष्टि

नवपदस्थ आईजी अजय यादव ने कहा कि राजनांदगांव जिला राज्य की सीमावर्ती होने के चलते यहां पर अन्य प्रदेशों से अवैध शराब के मामले आते हैं। उन्होंने पुलिस द्वारा अब तक अवैध शराब पर की गई कार्रवाई के प्रति संतुष्टि जाहिर करते कहा कि स्थानीय पुलिस अवैध शराब के मामले में बेहतर कार्रवाई कर रही है। वहीं उन्होंने कहा कि अवैध शराब के साथ ही सट्टा, जुआ पर भी कड़ी नजर रहेगी। उन्होंने स्पष्ट संकेत और चेतावनी देते कहा कि अगर इसमें किसी पुलिसकर्मी की मिलीभगत सामने आएगी तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## शिकायत आवेदन सौंपकर की थी जांच की मांग

# बिना काम के भुगतान, सीएमओ इंजीनियर और लेखापाल निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नाली और सीसी रोड निर्माण में अनियमितता को लेकर नगरीय प्रशासन विभाग ने बड़ी कारवाई करते तत्कालीन सीएमओ, लेखापाल और उप अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग अटैच कर दिया है।

संयुक्त संचालक की ओर से जारी निलंबन आदेश में तीनों को अधोसरंचना मद से स्वीकृत राशि से बरेठपारा में नई नाली निर्माण काम में बिना माप पुस्तिका में प्रविष्टि दर्ज किए अनियमित भुगतान करने और बरेठपारा में ही सीसी रोड निर्माण का काम पूरा होए बिना निर्माण एजेंसी को भुगतान करने के मामले मे प्रारंभिक जांच में अवचार का दोषी पाए जाने के चलते कार्रवाई की गई है।

उक्त मद से काम के दौरान वार्ड क्रमांक चार में राजेंद्र सिंह गहरवार के घर के बाजू में सीसी रोड के लिए एक लाख की स्वीकृति, साथ ठेकेदार को जून 26 में कार्यादेश जारी किया गया, लेकिन राजेंद्र सिंह के घर बाजू बनने वाली सीसी रोड बिना परिषद की जानकारी या विभाग के सक्षम अधिकारी से स्थल परिवर्तन की अनुमति लिए बिना जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के बाजू से उचित मूल्य की राशन दुकान तक बन गया और ठेकेदार को मूल्यांकन सत्यापन बाद भुगतान भी हो गया, लेकिन बरेठपारा वार्ड में नपा के कतिपय लोगों की इस मामले में दशा-दिशा बदल गई और अपने ही पार्टी के वार्ड पार्षद के दिए संतुष्टि प्रमाणपत्र को दरकिनार कर दिया।




### प्रारंभिक जांच में पाया था दोषी

गौरतलब है कि नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने बरेठपारा वार्ड में बिना सीसी रोड बनाए ठेकेदार को भुगतान करने के मामले में नगरीय प्रशासन विभाग को शिकायत आवेदन सौंपकर जांच की मांग की थी। आवेदन मिलते ही विभाग का अमला दूसरे दिन ही वार्ड में पहुंच गया, जहां वार्ड पार्षद सहित अन्य लोगों का बयान लेकर लौट गया था। लगभग तीन महीने चली लंबी जांच प्रक्रिया के बाद विभाग ने तत्कालीन सीएमओ अविनाश देवांगन, लेखपाल नीरज सिंह और उप अभियंता मुजफ्फर हुसैन को प्रारंभिक जांच में अवचार का दोषी पाते तत्काल निलंबित कर दिया गया है।

### अलग-अलग एजेंसी को दिया था काम

नपा अध्यक्ष ने 23 अप्रैल को निर्माण एजेंसी को बिना काम किए भुगतान करने की शिकायत नगरीय प्रशासन विभाग से की थी। जिसके बाद से मामला गरमा गया था और नपा में राजनीति को लेकर नए-नए खुलासे होने लगे थे। जानकारी अनुसार सरकार ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को अधोसंरचना मद अंतर्गत कामों के लिए तीन-तीन करोड़ रुपयों की स्वीकृति दी थी। उसमें खैरागढ़ नपा भी शामिल था। राशि मिलने के बाद नपा ने बकायदा टेंडर मंगाया और निविदा समिति की बैठक में शहर के बीस वार्डों में 21 जगहों पर सीसी रोड, नाली, हाई मास्क लाइट और मिनी उद्यान का काम अलग-अलग कार्य एजेंसी को दिया था।

# अवैध परिवहन व भंडारण के 52 प्रकरणों में कार्रवाई



- 19 लाख का वसूला अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम करियाटोला सहित अन्य ग्रामों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम करियाटोला में शमशान घाट के पास डोंगरगांव निवासी यशवंत साहू के स्वामित्व के ग्रीन नेटजाली से घिरे भूमि पर लगभग 9 टैक्टर ट्राली रेत रखा हुआ पाया गया। भूमि स्वामी यशवंत साहू द्वारा रेत के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर नोटिस जारी किया। इसी तरह डोंगरगांव क्षेत्र से लगे ग्राम करियाटोला-कोहका रोड मटिया के पास शासकीय व निजी भूमि पर अवैध रूप से भंडारित लगभग 5 हाईवा रेत 3 स्थानों पर रखा पाया गया, जिसे जेसीबी एवं हाईवा के माध्यम से लोड कर शिवनाथ नदी में खुज्जी पुल के पास डाला गया।

खनि अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में खनिज रेत के अवैध परिवहन, उत्खनन एवं भंडारण के कुल 52 प्रकरणों में कार्रवाई कर 18 लाख 95 हजार 600 रुपए का अर्थदंड वसूला गया है। जिसमें खनिज रेत के अवैध परिवहन के 41 प्रकरणों में 10 लाख 33 हजार 200 रुपए, अवैध उत्खनन के 9 प्रकरणों में 7 लाख 20 हजार 600 रुपए तथा अवैध भंडारण के 2 प्रकरणों में 1 लाख 41 लाख 800 रुपए का अर्थदंड वसूला गया है। प्रकरणों में खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

# कार में ले जा रहे थे शराब, पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कार में अवैध रूप से शराब ले जाने की सूचना पर पुलिस ने पेट्रोल पंप के पास आरोपियों को पकड़ा। जिनसे 100 पौवा देशी सुपर 36 प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 जुलाई को मुखबीर से पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि डोंगरगांव निवासी लीलाशंकर यादव एवं अंकेश पटेल द्वारा अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहा है। मुखबीरों से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना डोंगरगांव पुलिस टीम रवाना होकर सूचना के संबंध में गोपनीय रूप से पूछताछ कर वाहन बलेनो कार का पता करते तिगाला पेट्रोल पंप कुमर्दा पहुंचकर घेराबंदी कर वाहन बलेनो कार को रोककर चेक किया।



### 100 पौवा देशी शराब बरामद

पुलिस के अनुसार चेक करने पर आरोपी लीलाशंकर यादव एवं अंकेश पटेल द्वारा अवैध रूप से शराब परिवहन करते हेतु कुल 100 पौवा देशी सुपर 36 प्लेन शराब मिला। दोनों से पूछने पर शराब निर्धारित मात्रा से ज्यादा शराब परिवहन करने संबंधी कोई दस्तावेज नहीं होना बताए। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध होना पाए जाने से उक्त शराब और वाहन को विधिवत जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रस्तुत किया गया है।

### चाकू के साथ युवक पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़कर धारदार चाकू बरामद कर कार्रवाई की है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 जुलाई को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि टांकापारा रोड़ राजनांदगांव में एक व्यक्ति किसी घटना को अंजाम देने की नीयत से चाकू रखने एवं आम लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर मौका में पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी अभिषेक शर्मा 28 साल बख्तावर चाल तुलसीपुर को पकड़ा। तलाशी लेने पर एक स्टील का धारदार चाकू बरामद हुआ। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# न्याय के लिए धरने पर किसान

- अब तक 96 पेशी, फिर भी नहीं आया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगांव के सूदखोरों द्वारा फर्जी रजिस्ट्री कराकर किसानों की जमीन हड़पने के मामले में न्याय की मांग कर रहे किसानों को सिर्फ पेशी पर पेशी और तारीख पर तारीख मिल रही है। अब तक किसानों को 96 पेशी मिल चुकी है। किसान सभी पेशी में उपस्थित भी हुए हैं, लेकिन फैसला नहीं आने से किसान हताश और परेशान हो गए। मामला सिविल न्यायालय में चला, इसके बाद अब सुनवाई एसडीएम कोर्ट में हो रही है।

डोंगरगांव क्षेत्र के लगभग 11 किसानों ने ब्याज पर रकम लेने के बाद रुपए की अदायगी भी कर दी। सूदखोरों ने फर्जी तरीके से धोखाधड़ी करते हुए किसानों की जमीन रजिस्ट्री करा ली गई है। किसानों को जब इसकी जानकारी मिली तो किसानों ने न्यायालय की शरण ली। पेशी जाते-जाते कुछ किसानों के पिता का स्वर्गवास भी हो गया, अब पुत्र न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं।



### कोरे स्टाम्प पर कराया हस्ताक्षर

पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा कि किसानों ने अपने कर्ज का मूल और ब्याज पटा दिया है। कर्ज देने के दौरान सूदखोर द्वारा कोरे स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर कराए गए थे। उन्होंने कहा कि किसानों को 96 पेशी के बाद भी निर्णय नहीं मिला है। इस पर जल्द निर्णय की मांग की जा रही है।

### आज फिर मिली पेशी

डोंगरगांव एसडीएम कोर्ट में किसानों को आज पेशी दी गई थी। सभी किसान फैसला आने की चाह में पहुंचे थे, लेकिन यहां भी सुनवाई के बाद किसानों को फिर कल अंतिम पेशी सुना दी गई। इसके बाद किसान नाराज हो गए। इस दौरान पूर्व विधायक छन्नी साहू भी मौके पर पहुंची और किसानों को पेशी पर पेशी देने और मामले में निर्णय नहीं आने को लेकर एसडीएम कोर्ट के सामने ही धरने पर बैठ गई। इस दौरान एसडीएम में कानूनी प्रक्रिया का पालन करते पेशी देने की बात कहते हुए किसानों को समझाया।

### 11 वर्षों से न्याय की लड़ाई

वर्ष 2014 में इसकी शिकायत तहसील स्तर पर की गई। इसके बाद मामला एसडीएम न्यायालय और फिर कलेक्टर तक पहुंचा। इसके बाद लगभग 2 वर्ष तक सिविल न्यायालय में मामला चला और वर्ष 2023 में वापस डोंगरगांव राजस्व न्यायालय में प्रकरण भेजा गया, जो अब तक चल रहा है और इस पर निर्णय नहीं आने से किसान परेशान हैं।

## राम मंदिर चढ़ावे में अनियमितताओं का विरोध

# कांग्रेस ने रैली निकालकर मांगा हिसाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावे और कथित वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में जयस्तंभ चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए तथा भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर के प्रमुख मार्गों पर रैली निकाली।

ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था के आधार पर योगदान दिया था। ऐसे में चंदे के उपयोग को लेकर उठे प्रश्नों का पारदर्शी तरीके से जवाब देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के धन के उपयोग में जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग कर रही है तथा यह संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।



### पूरा हिसाब रखा जाना चाहिए

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई किसी धार्मिक आस्था या मंदिर के खिलाफ नहीं, बल्कि चंदे के उपयोग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित कराने की है। उन्होंने कहा कि यदि चंदे के उपयोग को लेकर सवाल उठ रहे हैं तो जनता के सामने पूरा हिसाब रखा जाना चाहिए।

प्रदर्शन में धनेश पाटिला, कुतबुद्दीन सोलंकी, थानेश्वर पाटिला, प्रवीण मेश्राम, मेहुल मारू, पदम कोठारी, राकेश जोशी, इकरामुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, कमलजीत पिंटू, पंकज बांधव, अशोक पंजवानी, वीरेन्द्र चंद्राकर, प्रेम रूचंदानी, विनय झा, लक्ष्मण साहू, चेतन भानुशाली, रोहित चंद्राकर, प्रदीप बाबा राठौर, राकेश चंद्राकर, पीयूष दुबे, चंद्रेश वर्मा, सुरेश सिन्हा, अमित अग्रवाल, खिलेश्वर चतुर्वेदी, प्रताप धावड़े, राजकुमार बोरकर, ज्योति सलामे, हर्ष साहू, लालचंद साहू, हेमंत वैष्णव, सूयस नाहटा, चुम्मन साहू अछोली, पन्ना साहू, धर्मेंद्र साहू, प्रताप धावडे, रतन यादव, मतीन खान, संजय यादव, बलिराम साहू सहित विभिन्न प्रकोष्ठों, मोर्चा संगठनों, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अंत में कांग्रेस नेताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और तथ्य सार्वजनिक करने की मांग दोहराई।

### देना चाहिए जवाब

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारे लिखी तख्तियां ले रखी थी। इसमें /"राम के नाम पर चंदा बटोरा, हिसाब से मुंह मोड़ा/" और राम के नाम पर चंदा, भाजपा का पुराना धंधा जैसे नारे लिखे थे, जिसे कांग्रेसी दोहराते रहे। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि देशभर के श्रद्धालुओं से एकत्र चंदे के उपयोग को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब भाजपा को देना चाहिए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जानी चाहिए।

### निधनः सेवक दास

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश के कर्मठ वयोवृद्ध पेंशनर साथी सेवक दास का निधन 13 जुलाई को सुबह 8 बजे हो गया। उक्त खबर के बाद पेंशनर्स साथी उनके निवास बसंतपुर पहुंचे। संगठन की ओर से उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके द्वारा संगठन को दिए गए योगदान को याद किया।



## समस्या: ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा शिकायत पत्र, हादसे की आशंका

# प्रधानमंत्री सड़क योजना निर्माण कार्य में भारी लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

ग्राम पंचायत कुम्ही से बोड़तरा तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत निर्माण सड़क कार्य में गंभीर अनियमितताओं और ठेकेदार की कथित मनमानी को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया है। ग्रामवासियों ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा को सामूहिक शिकायत पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए शिकायत पत्र के अनुसार प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत कुम्ही से बोड़तरा सड़क का निर्माण कार्य किया गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार द्वारा कार्य में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की अनदेखी किया गया है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत में कहा गया है कि निर्माण स्थल पर न तो सूचना बोर्ड लगाया गया है और न ही सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। सड़क निर्माण के दौरान पानी की निकासी के लिए पुलिया बनाई गई, लेकिन उसके आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई।

इससे ग्रामीणों और राहगीरों को लगातार दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने विधायक भावना बोहरा से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, सड़क निर्माण में बरती जा रही कथित अनियमितताओं को तत्काल दूर कराया जाए तथा ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की जनहानि न हो। शिकायत पत्र पर ग्राम पंचायत बोड़तरा खुर्द के सरपंच कपिल दीवान, उपसरपंच विष्णु चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र निर्मलकर सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

ज्ञापन में बोड़तरा खुर्द, बेलमुड़ा, छीतापारकला, कुम्ही, नवागांव और खैरवार सहित आसपास के गांवों के लोगों ने अपनी सहमति जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क निर्माण में सुधार नहीं किया गया और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आगे जनआंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे। फिलहाल क्षेत्र के लोगों की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि शिकायत मिलने के बाद प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाते हैं।



### सड़क किनारे डाली गई मिट्टी बनी मुसीबत

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के दोनों किनारों पर साइड शोल्डर में चिकनी मिट्टी डाल दी गई है। बारिश शुरू होते ही यह मिट्टी दलदल में बदल गई है। परिणाम स्वरूप पक्की सड़क से नीचे उतरते ही वाहन फिसल रहे हैं और लोगों के गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं और यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### ठेकेदार पर मनमानी और लापरवाही का आरोप

शिकायत पत्र में ठेकेदार पर कार्य में मनमानी करने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या की जानकारी देने के लिए कई बार ठेकेदार को फोन किया गया, लेकिन उन्होंने न तो फोन उठाया और न ही वापस संपर्क किया। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

# बोर खनन के बाद सूखे तालाब में पहुंचा पानी, ग्रामीणों में खुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में लंबे समय से सूखा पड़ा गांव का प्रमुख तालाब अब फिर से पानी से भरने लगा है। ग्राम पंचायत द्वारा तालाब के पास बोर खनन कराए जाने के बाद उसमें पानी पहुंचना शुरू हो गया है, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार यह लगभग 10 एकड़ क्षेत्रफल वाला गांव का प्रमुख तालाब है, जिसका उपयोग वर्षों से ग्रामीण विभिन्न सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यों के साथ-साथ अन्य आवश्यकताओं के लिए करते आ रहे हैं। पिछले कुछ समय से तालाब सूखने की स्थिति में पहुंच गया था, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

तालाब के सूखने की समस्या को लेकर समाचार भी प्रकाशित किया गया था। इसके बाद ग्राम पंचायत ने पहल करते हुए सरपंच सुरेश धुर्वे के नेतृत्व में तालाब के पास बोर खनन कराया। बोर से पानी मिलने के बाद तालाब में जलभराव शुरू हो गया है। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए ग्राम पंचायत के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि तालाब में पानी आने से गांव की एक बड़ी समस्या का समाधान हुआ है और आने वाले समय में इसका लाभ पूरे गांव को मिलेगा।

## वन महोत्सव सप्ताह व विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वाधान में वन महोत्सव सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 11 जुलाई विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस के उपलक्ष्य में उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को जनसंख्या नियंत्रण एवं जन-जागरूकता की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा। इनमें महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण, पौधों की कलम तैयार कर उनका रोपण, स्थानीय फलदार एवं फूलदार प्रजातियों के पौधे विकसित करना तथा परिसर में स्वच्छता अभियान चलाना प्रमुख गतिविधियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक लोगों को प्रकृति संरक्षण से जोड़ना है। इसके लिए महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं से समयदान एवं श्रमदान करने का अपील किया गया।

## खबर संक्षेप

### शेयर प्रमाण पत्र ने बदली रामरतन की पहचान

**कवर्धा।** वर्षों से भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में गन्ना बेचने वाले ग्राम सूरजपुरा के किसान रामरतन जायसवाल का अंशधारी सदस्य बनने का सपना आखिरकार साकार हो गया। शेयर प्रमाण पत्र मिलने के बाद उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें ऐसा लगता है जैसे यह कारखाना वास्तव में उनका अपना कारखाना है। उनका कहना है कि अंशधारी सदस्य बनने से उन्हें सम्मान के साथ-साथ कारखाना से मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा। रामरतन जायसवाल पिछले कई वर्षों से गन्ने की खेती कर रहे हैं और अपनी उपज भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना में विक्रय करते रहे हैं। वे लंबे समय से कारखाना के अंशधारी सदस्य बनने की इच्छा रखते थे। जब सरकार की पहल पर गैर-अंशधारी किसानों को भी शेयर प्रमाण पत्र देकर सदस्य बनाया गया, तब उनकी वर्षों पुरानी यह इच्छा पूरी हो गई। वे बताते हैं कि शेयर प्रमाण पत्र मिलने के बाद मुझे ऐसा लग रहा है कि अब यह कारखाना सचमुच हमारा अपना कारखाना है। अब हम केवल गन्ना बेचने वाले किसान नहीं, बल्कि कारखाना के अंशधारी सदस्य भी हैं। इससे कारखाना के विकास में हमारी भागीदारी और जिम्मेदारी दोनों बढ़ी हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से लंबित किसानों की मांग पूरी होने से उनमें नया उत्साह आया है। अब किसान अधिक गन्ना उत्पादन कर कारखाना को मजबूत बनाने के लिए और अधिक प्रेरित होंगे।

# अशोका स्कूल में छात्राओं ने चुनी अपनी सरकार, लोकतंत्र को किया गया साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




विद्यार्थियों को लोकतंत्र की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराने तथा उनमें नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व, संवैधानिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने के उद्देश्य से अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा में स्कूल छात्र चुनाव-2026 का सफल आयोजन किया गया। मतदान, मतगणना एवं परिणाम घोषणा तक पूरे विद्यालय में लोकतांत्रिक वातावरण देखने को मिला।

जिसमें कक्षा 3री से 12वीं तक विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रत्येक कक्षा में विधायक एवं सांसद चुने गए। इसके बाद निर्वाचित विधायकों ने अपनी-अपनी कक्षा के मुख्यमंत्री का तथा सभी सांसदों ने विद्यालय के प्रधानमंत्री, उप-प्रधानमंत्री एवं सचिव का निर्वाचन किया।

विद्यालय के प्रधानमंत्री अक्षत वैष्णव, उप-प्रधानमंत्री रेहान खान एवं वासुदेव वैष्णव तथा सचिव निधि चंद्रवंशी निर्वाचित हुए। इसी प्रकार प्रत्येक कक्षा में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं न्यायाधीश का भी चयन किया गया। निर्वाचित मुख्यमंत्री-सगुन केशरवानी, चिन्मय, नमिज सोनवानी, अविरल गुप्ता, प्रणिता लोधी, मुदित शर्मा, शौर्य, आरुष शिवोपासक, आशी चंद्रवंशी, वैभवी गुप्ता, अवनी जोशी, प्रिंशु साहू, आकृति लोधी, प्रांजल दुबे, उबैद अत्तारी, दुर्गेश कुसरे, उमैर शेख, सिद्धार्थ राजपूत, सूर्य प्रताप सिंह, संध्या कौशिक, सौरभ यादव, रेवती पाली, प्रियांशु गोप, पिहू शर्मा एवं नवीन चंद्रवंशी निर्वाचित हुए। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में उल्लास का वातावरण रहा। विजयी विद्यार्थियों का पुष्पगुच्छ, टैग-बैज एवं सम्मान रिबन पहनाकर अभिनंदन किया गया तथा रंग-गुलाल, बाजे-गाजे और आतिशबाजी के साथ विजय जुलूस निकाला गया।

### अनुशासन, उत्तरदायित्व, सेवा भावना व लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करते हैं

विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका सारिका देवांगन ने सभी निर्वाचित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के चुनाव विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन, उत्तरदायित्व, सेवा भावना एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि स्कूल छात्र चुनाव का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान, प्रशासन, संविधान एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था का व्यवहारिक अनुभव प्रदान करना है।

### तालाब किनारे अव्यवस्थित पार्किंग सड़क हादसे का बढ़ा खतरा

**कवर्धा।** रानी दुर्गावती चौक के पास तालाब किनारे लगने वाली दुकानों के सामने दोपहिया वाहन अव्यवस्थित ढंग से खड़े किए जा रहे हैं। इससे सड़क संकरी हो गई है और राहगीरों व वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यस्त समय में जाम जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों ने ट्रैफिक विभाग और नगर प्रशासन से मांग की है कि अव्यवस्थित पार्किंग पर नियंत्रण कर सड़क किनारे उचित पार्किंग की व्यवस्था की जाए, ताकि यातायात सुचारु रहे और हादसों की संभावना कम हो सके।

# विद्युत आपूर्ति, श्रमिकों की सुविधा व राजस्व के लंबित प्रकरणों के विषय में किया प्रश्न

## विधायक भावना ने पंडरिया विस एवं जनहित से जुड़े विषयों पर पूछे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र 13 से 17 जुलाई तक के प्रथम दिन पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा एवं



जनहित से जुड़े विषयों पर प्रश्न किया। इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल एवं आदिवासी बहुल ग्राम पंचायतों में विद्युत आपूर्ति, वर्तमान में रजिस्ट्री में स्वतः नामांतरण की प्रक्रिया, जिले में वर्तमान में भू-राजस्व के लंबित प्रकरणों तथा वन सुरक्षा समिति, लघु वनोपज एवं तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य से जुड़े श्रमिकों व संग्राहकों की दी जाने वाली सुविधाओं के विषय में प्रश्न किया।

भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल एवं आदिवासी बहुल ग्राम पंचायत तेलियापानी, बिरहुलडीह, कांदावाणी, छीरपानी, रूख्मीदादर, छिंदीडीह एवं अमनिया के 20 से अधिक ग्राम जून, 2026 की स्थिति में भी नियमित विद्युत सुविधा से वंचित हैं अथवा अत्यंत सीमित विद्युत व्यवस्था पर निर्भर हैं, जिसके कारण हजारों ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं? उक्त ग्रामों में वर्तमान में कितने घर-परिवार पूर्णतः विद्युत सुविधा से वंचित हैं तथा कितने परिवार केवल सौर ऊर्जा आधारित अस्थायी व्यवस्था पर निर्भर हैं? ग्रामवार एवं पंचायतवार विवरण क्या है? क्या शासन द्वारा इन क्षेत्रों में सौर ऊर्जा आधारित व्यवस्था (सोलर बैटरी-सोलर होम लाइटिंग सिस्टम) उपलब्ध कराई गई है? यदि हां तो, उक्त व्यवस्था स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु पर्याप्त सिद्ध हो रही है या नहीं, इसकी निगरानी एवं रखरखाव हेतु विभाग द्वारा क्या व्यवस्था की गई है? क्या शासन द्वारा इन ग्रामों को मुख्य विद्युत ग्रिड से जोड़ने, नवीन विद्युत लाइन विस्तार, ट्रांसफार्मर स्थापना एवं शत-प्रतिशत घरेलू विद्युतीकरण हेतु कोई विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है? यदि हॉं, तो ग्रामवार स्वीकृत कार्य, स्वीकृत राशि, एजेंसी एवं पूर्णता अवधि क्या है?

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लिखित उत्तर में बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल एवं आदिवासी बहुल प्रश्नाधीन 06 ग्राम पंचायतों के 20 ग्रामों में से जून-2026 की स्थिति में 08 ग्राम परंपरागत विद्युत से अविद्युतीकृत हैं। उक्त क्षेत्र में वर्तमान में 71 घर-परिवार पूर्णतः विद्युत सुविधा से वंचित हैं तथा 1127 परिवार केवल सौर ऊर्जा आधारित व्यवस्था पर निर्भर हैं। प्रश्नाधीन क्षेत्रों के उपरोक्त ग्रामों में शासन द्वारा सौर ऊर्जा आधारित विद्युतीकरण की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

उक्त व्यवस्था से ग्रामीणों हेतु रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था, मोबाईल चार्जिंग इत्यादि मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित होती हैं। उक्त सौर संयंत्रों की निगरानी स्थानीय ग्रामीणों द्वारा की जाती है। सोलर पावर प्लांटों का रखरखाव का कार्य पांच वर्ष की वारंटी अवधि तक संबंधित स्थापनाकर्ता इकाई तत्पश्चात क्रेडा द्वारा किया जाता है तथा सोलर होमलाईटों का रखरखाव का कार्य पांच वर्ष की वारंटी अवधि तक संबंधित स्थापनाकर्ता इकाई द्वारा नियमानुसार किया जाता है। उल्लेखित ऐसे ग्राम जो कि परंपरागत तरीके से विद्युतीकृत नहीं हैं, सघन वन क्षेत्र होने के कारण वर्तमान में परंपरागत विद्युतीकरण हेतु किसी भी कार्ययोजना में शामिल नहीं है।

### लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विभाग क्या प्रयास कर रहे है

कबीरधाम जिला अंतर्गत राजस्व से जुड़े लंबित प्रकरणों के विषय में प्रश्न करते हुए भावना बोहरा ने पूछा कि कबीरधाम जिले में वर्तमान में भू-राजस्व संहिता की धारा 115 (त्रुटि सुधार) के अंतर्गत कुल कितने प्रकरण लंबित हैं? तहसीलवार जानकारी प्रदान करें? लम्बित प्रकरणों के निराकरण में हो रहे विलंब के मुख्य कारण क्या हैं? इन लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु विभाग द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं? क्या उक्त प्रकरणों के निराकरण हेतु कोई समय सीमा निर्धारित की गई है? भू-राजस्व संहिता की धारा 115 (त्रुटि सुधार) की प्रक्रिया अंतर्गत नोटिस सुपुर्द न होने, पटवारी प्रतिवेदन में देरी एवं भुईयां पोर्टल की तकनीकी खामियां आदि प्रक्रियागत समस्याओं को दूर कर प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु विभाग द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं ? जिसके लिखित उत्तर में राजस्व मंत्री जी ने बताया कि कबीरधाम जिले में वर्तमान में छत्तीसगढ़ भू-राजस्व सहिता की धारा 115 (त्रुटि सुधार) के अन्तर्गत कुल 372 प्रकरण (मूल एवं अपील प्रकरण) लंबित है। प्रकरणों के लंबित होने का कारण पक्षकारो की अनुपस्थिति, साक्ष्य प्रस्तुत करने में विलंब है। लंबित प्रकरणो के शीघ्र निराकरण हेतु राजस्व शिविर एवं ई-कोर्ट के माध्यम से कार्यवाही किया जा रहा है। उक्त प्रकरणो के निराकरण के लिए समय-सीमा 45 कार्य दिवस है। नोटिस की समय पर तामिली के लिए माल जमादार एवं ग्राम कोटवारो को निर्देर्शित किया गया है और लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु नियमित रूप से समीक्षा की जाती है।

## स्वच्छताग्रहियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

# स्वच्छताग्रही सुरक्षित तो गांव सुरक्षितः सीईओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत सरकार एवं सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आगामी 02 अक्टूबर 2026 तक जिले की 60 ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयकों तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से जुड़े अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छताग्रही सुरक्षित तो गांव सुरक्षित के मूल मंत्र को अपनाते हुए जिले की सभी ग्राम पंचायतों में कार्यरत महिला स्वच्छताग्रहियों को अनिवार्य रूप से सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे सुरक्षित वातावरण में अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। बैठक में बताया गया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के तहत घर-घर से चार श्रेणियों गीला, सूखा, लाल (जैव-चिकित्सीय/संक्रमणयुक्त) एवं काला (विशेष/ई-वेस्ट) कचरे का पृथक संग्रहण किया जाएगा। इस प्रक्रिया में स्वच्छाग्रही सीधे विभिन्न प्रकार के अपशिष्टों के संपर्क में आती हैं। इसलिए उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

### स्वच्छता अभियान की रीढ़ महिला स्वच्छताग्रही

सीईओ श्री अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता अभियान की रीढ़ हमारी महिला स्वच्छताग्रही हैं। यदि हम उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराएंगे तो स्वच्छ कबीरधाम का लक्ष्य अधूरा रह जाएगा। एक स्वच्छताग्रही सुरक्षित रहेगी, तभी पूरा गांव स्वच्छ और स्वस्थ रहेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक महिला स्वच्छताग्रही को सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जाए। इस किट में दो जोड़ी दस्ताने, तीन मास्क, एक एप्रनध्कोट, एक जोड़ी जूता कवर, टोपी एवं पहचान पत्र, दो जोड़ी साड़ी तथा फावड़ा, बेल्चा सहित आवश्यक कार्य उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।



## खबर संक्षेप



### अंचल में जागरूकता रथ किया गया रवाना

**कवर्धा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिले में जनसंख्या स्थिरता जागरूकता पखवाड़ा (11 जुलाई से 18 जुलाई 2026) का शुभारंभ किया गया। पखवाड़े के अंतर्गत जनसंख्या स्थिरता, परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा स्वस्थ परिवार के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के तूरे ने जनसंख्या स्थिरता एवं परिवार नियोजन संबंधी संदेशों से युक्त प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सतीश चंद्रवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक अंशुल, आरएमएनसीएचए सलाहकार डॉ. मुकुंद राव, डीपीएचएनओ आराधना सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस परीक्षा का परिणाम घोषित

**कवर्धा।** भारतीय सेना में भर्ती हेतु, सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के अंतर्गत आने वाले उम्मीदवारों की ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा जो की अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर ट्रेडमेन, अग्निवीर महिला पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा आदि श्रेणियों के लिए 01 जून से 12 जून 2026 तक छत्तीसगढ़ के 10 परीक्षा केन्द्रों पर संचालित की गयी थी, उसका परीक्षा परिणाम दिनांक 12 जुलाई 2026 को घोषित हो गया हैं। परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम भारतीय सेना की वेबसाइट पर देख सकते हैं और यह परिणाम सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के सूचना पट्ट पर भी पर्दशित किया गया हैं। कॉमन एंट्रेंस एग्जाम में सफल हुए छत्तीसगढ़ के उम्मीदवारो के लिए अगले चरण के अंतर्गत शारीरिक दक्षता, दस्तावेज की जांच और चिकित्सा परीक्षण निम्नानुसार आयोजित किया जायेगा।

# राम के नाम पर राजनीति करने वालों के राज में चंदा चोरी: नवीन

- कवर्धा कांग्रेस का जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन मोदी और योगी सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़ी कथित चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मामले की उच्चस्तरीय एवं न्यायिक जांच की मांग की। धरना को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि जिन लोगों ने वर्षों तक भगवान श्रीराम के नाम पर राजनीति कर सत्ता हासिल की, आज उन्हीं के शासनकाल में रामलला के मंदिर की सुरक्षा और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि अयोध्या में रामलला का चढ़ावा और मंदिर व्यवस्था सुरक्षित नहीं है, तो यह करोड़ों रामभक्तों की आस्था पर सीधा आघात है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को इस गंभीर मामले पर देश के सामने जवाब देना चाहिए। करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस विषय में सच्चाई सामने लाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।

पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने वर्षों तक जय श्रीराम के नाम पर राजनीति की, लेकिन आज रामलला के मंदिर से जुड़े विवादों पर भाजपा नेताओं की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। पूर्व जिला अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी ने कहा कि राम मंदिर करोड़ों लोगों की श्रद्धा का केंद्र है। इस मामले में पारदर्शिता और जवाबदेही तय होना आवश्यक है तथा दोषियों को किसी भी कीमत पर बचाया नहीं जाना चाहिए। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा अनंत ने कहा कि देशभर के श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था से मंदिर निर्माण में योगदान दिया है।

यदि चढ़ावे और मंदिर प्रबंधन में किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो यह करोड़ों लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। जिला महामंत्री मनीष शर्मा ने कहा कि भाजपा ने भगवान राम के नाम पर राजनीतिक लाभ उठाया, लेकिन आज उसी राम मंदिर से जुड़े विवादों पर जवाब देने से बच रही है। देश की जनता सच्चाई जानना चाहती है और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग कर रही है। कार्यक्रम में प्रमुखरूप से प्रदेश सचिव वीरेन्द्र जांगड़े,प्रदेश सचिव जगमोहन साहू, ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष सौखी साहू बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष छवि वर्मा जिला महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी महामंत्री सूरज वर्मा जिला महामंत्री कृष्ण कन्नू आमदे जलेश्वर यादव प्रशांत परिहार धनेश पाली आकाश केशवानी भुनेश्वर पटेल सुधांशु बघेल मेहुल सत्यवंशी ऋषि वैष्णव वाल्मीकि वर्मा अमन वर्मा बिट्टू यादव शिवेंद्र वर्मा तुषार वर्मा आशीष साहू सुजल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।




### धर्म व आस्था के नाम पर राजनीति: अशोक सिंह

शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर ने कहा कि धर्म और आस्था के नाम पर राजनीति करने वालों को अब देश की जनता को जवाब देना होगा। राम मंदिर से जुड़े कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए। धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह केवल चोरी या अनियमितता का मामला नहीं, बल्कि करोड़ों रामभक्तों की आस्था और विश्वास का विषय है। कांग्रेस पार्टी ने पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई तथा पूरे मामले की सच्चाई देश के सामने लाने की मांग की।

## मांग: धर्मांतरण और फर्जी पट्टे के खिलाफ खोला मोर्चा

# बैगा आदिवासियों का फूटा गुस्सा मांगों को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

कबीरधाम जिले के वनांचल क्षेत्र बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बांटीपथरा के आश्रित ग्राम पाखापानी के बैगा आदिवासी समाज में अवैध धर्मांतरण और ईसाई मिशनरियों की गतिविधियों को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

सोमवार को भारी संख्या में बैगा समाज के ग्रामीण अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय बोड़ला पहुंचे और अपनी विभिन्न मांगों व गंभीर समस्याओं को लेकर एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने क्षेत्र में सक्रिय ईसाई मिशनरियों और पास्टरों पर बैगा समाज की संस्कृति को नष्ट करने तथा जबरन प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने का सीधा आरोप लगाया है। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में आवेदक बिहारी सिंह बैगा एवं पाखापानी क्षेत्र के बैगा समाज ने बताया कि ग्राम पाखापानी निवासी पंचराम मेरावी पिता जेठूराम, जो कि मसीह समाज का पास्टर है, उसने शासन से प्राप्त शासकीय पट्टा भूमि का घोर उल्लंघन किया है।

शासन द्वारा प्रदाय वन पट्टा भूमि केवल आवासीय या कृषि कार्य के लिए मान्य होती है, परंतु पास्टर पंचराम द्वारा उक्त भूमि पर पूर्णतः अवैध रूप से चर्च का निर्माण कर दिया गया है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस अवैध चर्च में गांव और आसपास के भोले-भाले आदिवासियों को स्वास्थ्य लाभ बीमारी ठीक करने का झूठा प्रलोभन देकर बुलाया जाता है।

प्रार्थना के बहाने हिंदू देवी-देवताओं का अपमान किया जाता है और बैगा समाज के लोगों का अवैध धर्मांतरण कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पास्टर पंचराम की इन गतिविधियों से बैगा समाज की पारंपरिक परंपरा, संस्कृति और जाति व्यवस्था पूरी तरह बिखर रही है, जिससे समाज में आपसी संघर्ष और तनाव की स्थिति पैदा हो गई है।



### फर्जी वन अधिकार पट्टा लेने का आरोप

इसी मामले से जुड़ी एक और गंभीर शिकायत शिवकुमार बैगा एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा एसडीएम बोड़ला को सौंपी गई। शिकायत के अनुसार, जेठूराम अगरिया ने प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर फर्जी तरीके से अपनी जाति बदलकर 'बैगा' बता दी और शासन से बहुमूल्य वन अधिकार पट्टा रकबा 2.10, 1.500 हे. प्राप्त कर लिया। ग्रामीणों ने दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए बताया कि जेठूराम मूल रूप से 'अगरिया' जाति का है, लेकिन उसने शासकीय लाभ और जमीन हड़पने के लिए खुद को बैगा प्रदर्शित किया है। ग्रामीणों ने इस फर्जीवाड़े की उच्च स्तरीय जांच कर आरोपी जेठूराम के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने और पट्टा निरस्त करने की मांग की है। एसडीएम कार्यालय पहुंचे पीड़ित ग्रामीण बिहारी सिंह बैगा ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया, ईसाई मिशनरियों और उनके एजेंटों द्वारा हमारे बैगा समाज के गरीब और सीधे-साधे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। जिनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए।

### पीएम आवास के पैसों का दुरुपयोग

ज्ञापन में यह भी खुलासा किया गया है कि ग्राम पंचायत मुड़घुसरी जंगल के ठाकुरटोला निवासी फूलचंद बैगा पिता हीरा सिंह बैगा के प्रधानमंत्री आवास योजना के रुपए का उपयोग कर पास्टर पंचराम द्वारा इस अवैध चर्च का निर्माण कराया गया है, जो कि कानूनन गंभीर अपराध है। ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि पास्टर पंचराम मेरावी और पंसारी बैगा के खिलाफ ग्राम लालमाटी में अवैध धर्मांतरण कराने के मामले में पहले ही दिनांक 09/06/2026 को लालमाटी थाने में एफआईआर क्र. 0013 दर्ज है। एफआईआर दर्ज होने के डर से दोनों आरोपी वर्तमान में फरार चल रहे हैं और स्थानीय पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही है। बैगा समाज ने मांग की है कि फरार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और पाखापानी में बने अवैध चर्च को तुरंत तोड़ा जाए।

# केवल सहायक शिक्षक को विकल्प चयन की जरूरत

- समयमान या क्रमोन्नति में से कोई एक ले सकेंगे




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षक संवर्ग में क्रमोन्नति या समयमान वेतनमान के विकल्प चयन को लेकर फैले भ्रम को दूर करते हुए बताया कि केवल सहायक शिक्षक को ही विकल्प चयन की आवश्यकता है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रधान पाठक, शिक्षक एवं व्याख्याता के लिए केवल समयमान वेतनमान का ही प्रावधान है अर्थात क्रमोन्नति का कोई प्रावधान ही नहीं है।

अतः इन्हें किसी प्रकार के विकल्प चयन की आवश्यकता ही नहीं है। शिक्षक संवर्ग में केवल सहायक शिक्षक ही हैं, जिनके लिए क्रमोन्नति का प्रावधान है, अब इनके लिए समयमान का भी प्रावधान किया गया है।

अतः सहायक शिक्षकों को ही क्रमोन्नति या समयमान में से किसी एक के चयन का विकल्प निर्धारित प्रारूप में अपने डीडीओ को देना होगा। विकल्प चयन करने के लिए 31 जुलाई 2026 तक अंतिम समय निर्धारित किया गया है। जो सहायक शिक्षक क्रमोन्नति योजना में बने रहना चाहते हैं, उन्हें किसी भी प्रकार के फार्म भरने की आवश्यकता ही नहीं है, कयोंकि विकल्प चयन नहीं करने पर क्रमोन्नति में ही माना जायेगा।

जो सहायक शिक्षक समयमान वेतनमान का लाभ लेना चाहते हैं, केवल उन्हें ही विकल्प फार्म जमा करना होगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, उग्रसेन चन्द्रवंशी आदि ने स्पष्ट किया कि सहायक शिक्षकगण अपने सेवा अवधि व हितलाभ को ध्यान में रखते हुए क्रमोन्नति या समयमान वेतनमान का विकल्प चयन करें।

### स्पष्ट निर्देश की आवश्यकता

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि क्रमोन्नति या समयमान वेतनमान विकल्प चयन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जिले के सभी डीडीओ को निर्देश देने की आवश्यकता है, ताकि निर्धारित समय सीमा में विकल्प चयन का कार्य पूरा हो सके।

# विश्वेश्वर महादेव मंदिर में हुई चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

- साइबर सेल और बोड़ला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के ग्राम सिल्हाटी स्थित बाबा विश्वेश्वर महादेव मंदिर में हुई चोरी की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। वारदात में शामिल तीसरा आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। चौकी पौड़ी, थाना बोड़ला पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई से मामले का खुलासा हुआ। पुलिस के अनुसार 4-5 जुलाई की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने मंदिर का दरवाजा तोड़कर भगवान महादेव के शिवलिंग में स्थापित चांदी का त्रिकुंड तथा माता गौरी की प्रतिमा का चांदी का मुकुट चोरी कर लिया था। चोरी गए आभूषणों का वजन करीब 20 तोला तथा कीमत लगभग 35 हजार रुपये आंकी गई है। शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने साथी अश्वनी आहिरे के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई थी। घटना के दौरान अश्वनी मंदिर के भीतर चोरी कर रहा था, जबकि मनजीत पुरले और सुनील गोस्वामी बाहर निगरानी कर रहे थे। चोरी के बाद अश्वनी ने दोनों साथियों को चार-चार हजार रुपये दिए। पुलिस ने मनजीत के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और नगदी तथा सुनील के पास से मोबाइल फोन एवं नगदी बरामद की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है, जबकि फरार आरोपी और चोरी गई शेष चांदी की सामग्री की तलाश जारी है।

# प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति की तत्काल दें सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्राकृतिक आपदा से फसलों को होने वाले नुकसान की स्थिति में किसानों को शीघ्र राहत दिलाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कृषि रक्षक पोर्टल एवं हेल्पलाइन नंबर 14447 की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

उप संचालक कृषि, जिला कबीरधाम ने किसानों से अपील की है कि फसल क्षति होने पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर पोर्टल या हेल्पलाइन के माध्यम से तत्काल सूचना दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, जलभराव, आकाशीय बिजली अथवा अन्य बीमा योग्य प्राकृतिक आपदाओं से फसल प्रभावित होने पर किसान हेल्पलाइन 14447 पर कॉल कर या कृषि रक्षक पोर्टल के माध्यम से अपनी फसल क्षति की जानकारी दर्ज करा सकते हैं। समय पर सूचना देने से दावा प्रक्रिया में तेजी आएगी और पात्र किसानों को शीघ्र राहत मिल सकेगी।

उप संचालक कृषि ने बताया कि यदि किसी किसान को फसल बीमा आवेदन, पॉलिसी, दावा, पोर्टल अथवा अन्य तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ता है, तो वह हेल्पलाइन 14447 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकता है।

# पीएमश्री सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय में रोजगार मेला का भव्य आयोजन आज

- 12वीं पास युवाओं को मिलेगा नौकरी का सुनहरा अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लक्ष्य जॉब स्किल्स अकादमी द्वारा 14 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

यह रोजगार मेला प्रातः 10:30 बजे से पीएमश्री सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय, सिग्नल चौक कवर्धा में आयोजित होगा। आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेकर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। आयोजकों के अनुसार रोजगार मेले में बीएफएसआई (बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं), हेल्थकेयर, बीपीओ, ई-कॉमर्स और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे। मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

रोजगार मेले में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने साथ बायोडाटा (रिज्यूमे), पासपोर्ट आकार के फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड अथवा ड्राइविंग लाइसेंस तथा शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की तीन-तीन सेट फोटोकॉपी लाना अनिवार्य होगा। आयोजकों ने जिले के सभी योग्य युवाओं एवं छात्र-छात्राओं से इस रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर रोजगार प्राप्त करने के अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। उनका कहना है कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास करना है।

रोजगार मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की कंपनियों और स्थानीय युवाओं के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा, जिससे जिले के बेरोजगार युवाओं को बेहतर करियर का अवसर मिल सकेगा।

### शाला प्रवेश उत्सव पर नेवता भोज आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शाला प्रवेश उत्सव 2026-27 के अवसर पर शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला, कवर्धा में लायंस क्लब कवर्धा के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए स्नेह नेवता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के साथ समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना था। इस दौरान बच्चों को नियमित मध्यान्ह भोजन के साथ केला और जलेबी परोसी गई।

स्वादिष्ट भोजन पाकर विद्यार्थियों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लायंस क्लब के अध्यक्ष लॉयन आनंदप्रकाश दानी ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने तथा जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित एवं संस्कारित विद्यार्थी ही राष्ट्र के सशक्त भविष्य का निर्माण करते हैं। इस अवसर पर एमजेएफ लॉयन प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, लॉयन नीरज मनजीत छाबड़ा, लॉयन बीपी गुप्ता, लॉयन हरीश गांधी, लॉयन प्रमोद कोचर, लॉयन रेखराज मूंदड़ा आदि उपस्थित थे।

## कवर्धा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से होगी शुरुआत

# 50 एमबीबीएस सीटों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा

कबीरधाम जिले के लिए बहुप्रतीक्षित शासकीय मेडिकल कॉलेज का सपना अब साकार होने की ओर बढ़ गया है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड ने जिले में प्रस्तावित शासकीय मेडिकल कॉलेज को शैक्षणिक सत्र 2026-27 से 50 एमबीबीएस सीटों के साथ संचालन की अनुमति प्रदान कर दी है।

इस स्वीकृति के साथ जिले के विद्यार्थियों को अब स्थानीय स्तर पर ही मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, वहीं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को भी नई गति मिलेगी। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा जारी अनुमति पत्र के अनुसार, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज कबीरधाम का संचालन पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल हेल्थ साइंस एंड आयुष यूनिवर्सिटी ऑफ छत्तीसगढ़ के अधीन किया जाएगा। प्रारंभिक चरण में कॉलेज में 50 एमबीबीएस सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। मेडिकल कॉलेज की स्थापना से कबीरधाम सहित आसपास के जिलों के विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ने से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूती मिलेगी।

बताया जा रहा है कि हाल ही में उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा तथा क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति का मुद्दा उठाया था। उनके प्रयासों के बाद एनएमसी से 50 एमबीबीएस सीटों की मंजूरी मिली है। दोनों जनप्रतिनिधियों ने इसे कबीरधाम के विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए युग की शुरुआत करेगा।

### डिप्टी सीएम के लगातार के प्रयासों से मिली सफलता



बताया जा रहा है कि हाल ही में उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति का मुद्दा उठाया था। उनके प्रयासों के बाद एनएमसी से 50 एमबीबीएस सीटों की मंजूरी मिली है। दोनों जनप्रतिनिधियों ने इसे कबीरधाम के विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए युग की शुरुआत करेगा।

# खाद संकट और नकली उर्वरक का बढ़ता कारोबार, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में खरीफ सीजन के दौरान किसान इन दिनों धान की रोपाई और खेती की तैयारियों में जुटे हुए हैं। प्रदेश की मुख्य फसल धान होने के कारण इस समय किसानों को उर्वरकों की सबसे अधिक आवश्यकता होती है।



लेकिन विगत कई वर्षों से किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इसके चलते बड़ी संख्या में किसानों को मजबूरी में निजी कृषि केंद्रों से खाद खरीदनी पड़ रही है। भारतीय किसान संघ, कबीरधाम के प्रचार प्रमुख दिनेश चन्द्रवंशी ने कहा कि किसानों को निजी दुकानों से खाद खरीदने के लिए निर्धारित मूल्य से कई गुना अधिक कीमत चुकानी पड़ती है।

इससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ने के साथ-साथ मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है। इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद किसान अपनी फसल के बेहतर उत्पादन के लिए खेती की तैयारियों में लगे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में खाद की कालाबाजारी के साथ-साथ नकली उर्वरकों का कारोबार भी तेजी से फल-फूल रहा है।

कथित खाद माफिया किसानों को नकली खाद बेचकर आर्थिक लाभ कमा रहे हैं, जबकि इसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन की ओर से कुछ कार्रवाई शुरू हुई है, लेकिन अब तक दोषियों के खिलाफ कोई ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। भारतीय किसान संघ का कहना है कि आखिर इन खाद माफियाओं को किसका संरक्षण प्राप्त है, यह गंभीर जांच का विषय है। जब तक इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक जिले के किसान इसी तरह ठगी और शोषण का शिकार होते रहेंगे।